

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कश्मीरी गेट स्थित यमुना के वासुदेव घाट पर स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 298 पृष्ठः 08

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## प्रदूषण से मिलेगी राहतः दिल्ली सरकार ने दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने से जुड़ी प्रक्रिया का दूसरा ट्रायल पूरा किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मंगलवार को दिल्ली में क्लाउड सीडिंग (कृत्रिम बारिश कराने से जुड़ी प्रक्रिया) का दूसरा ट्रायल पूरा किया। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने आईआईटी कानपुर की इस पहल के तहत अगले चार घंटे में दिल्ली के कुछ इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई है। आईआईटी कानपुर की ओर से किये गए ट्रायल को सेसना एयरक्राफ्ट के जरिए अंजाम दिया गया। विमान मेरठ की तरफ से दिल्ली में दाखिल हुआ। इसके दायरे में खेकड़ा, बुराड़ी, नॉर्थ करोल बाग, मयूर विहार आए। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार हवाएं उत्तर की ओर हैं और बादल बाहरी दिल्ली में कहीं भी जा सकते हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने एक वीडियो संदेश में ट्रायल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विमान कानपुर से उड़ा था। मेरठ की ओर से दिल्ली में दाखिल हुआ। क्लाउड सीडिंग में 8 फ्लेयर्स का इस्तेमाल किया गया। हर फ्लेयर का वजन 2-2.5 किलोग्राम है। इन फ्लेयर्स ने बादलों में सामग्री छोड़ी। बादलों में 15-20 प्रतिशत नमी थी। यह



प्रक्रिया आधे घंटे तक चली और इस दौरान एक फ्लेयर 2-2.5 मिनट तक जारी रहा। विमान अब मेरठ में उतर चुका है। उन्होंने बताया कि दूसरी उड़ान और तीसरा ट्रायल आज ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आईएमडी के अनुसार, हवाएँ उत्तर की ओर बह रही हैं और बादल बाहरी दिल्ली में कहीं भी जा सकते हैं। आईआईटी कानपुर का मानना है कि 15 मिनट से लेकर 4 घंटे तक बारिश हो सकती है। उन्होंने आईआईटी कानपुर के नतीजों के सकारात्मक होने की उम्मीद जताई है।ट्रायल सफल रहने पर आने वाले दिनों में फरवरी तक की दीर्घकालिक योजना बनाई जा सकेगी। आने वाले दिनों में भी ऐसी उड़ानें जारी रहेंगी। मौसम अनुकूल रहने पर हर दिन 9-10 परीक्षण किए जाएँगे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की समस्या से लोगों को अक्सर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रदूषण के मुद्दे पर दिल्ली भाजपा पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार पर हमलावर रही है।

> ☐ आईआईटी कानपुर का मानना है कि 15 मिनट से लेकर 4 घंटे तक बारिश हो सकती है

# केंद्र सरकार ने दी 8वें वेतन आयोग की शर्तों को मंजूरी

- ☐ एक जनवरी से लागू हो सकता है, 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनरों को फायदा होगा
- ☐ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी। यह आयोग अपने गठन की तिथि से 18 महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें देगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने यहां राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी दी। वैष्णव ने बताया कि 8वां वेतन आयोग एक अस्थायी निकाय होगा। आयोग में एक अध्यक्ष, एक सदस्य (अंशकालिक) और एक सदस्य-सचिव शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह आयोग अपने गठन की तिथि से 18 महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें देगा। सरकार ने जनवरी में केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और अन्य लाभों में बदलावों की जांच और सिफारिश करने के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी।वेतन आयोगों का गठन समय-समय पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों के पारिश्रमिक ढांचे, सेवानिवृत्ति लाभों और अन्य सेवा शर्तों के विभिन्न मुद्दों पर विचार करने और उनमें आवश्यक बदलावों पर सिफारिशें करने के लिए किया जाता है। आमतौर पर वेतन आयोग की सिफारिशें हर 10 साल के अंतराल पर लागू की जाती हैं।



### रबी 2025-26 के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाशिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसके तहत रबी सीजन 2025-26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरें तय की गई हैं।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि रबी 2025-26 के लिए अनुमानित बजटीय आवश्यकता लगभग 37,952.29 करोड़ रुपये होगी, जो खरीफ 2025 की तुलना में लगभग 736 करोड़ रुपये अधिक है। सरकार द्वारा डाई-अमोनियम फोस्फेट (डीएपी) और एनपीकेएस (नाइट्रोजन, फोसफोरस, पोटाश और सल्फर) ग्रेड सहित फोस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर सब्सिडी दी जाएगी। ताकि किसानों को ये उर्वरक सुलभ और किफायती दरों पर उपलब्ध हो सकें।

इसके अनुसार 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें अगले साल से अपेक्षित हैं।

**समझिए 8वें वेतन मान का सैलरी कैलकुलेशन**

**बेसिक सैलरी में कितनी बढ़ोतरी** होगी, ये फिटमेंट फैक्टर और डीए मर्जर पर निर्भर करता है। 7वें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.57 था। 8वें में ये 2.46 हो सकता है।

हर वेतन आयोग में डीए जीरो से शुरू होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि नई बेसिक सैलरी पहले से ही महंगाई को ध्यान में रखकर बढ़ाई जाती है। इसके बाद डीए फिर से धीरे-धीरे बढ़ता है।

**फिटमेंट फैक्टर क्या है?**

ये एक मल्टीप्लायर नंबर है, जिसे मौजूदा बेसिक सैलरी से गुणा कर-के नई बेसिक सैलरी निकाली जाती है। वेतन आयोग इसे महंगाई और लिविंग कॉस्ट को ध्यान में रखकर तय करता है।

**पिछले वेतन आयोग कब बने, कब लागू हुए?**

**5वां वेतन आयोगः** ये अप्रैल 1994 में गठित हुआ था। रिपोर्ट जनवरी 1997 में सरकार को सौंपी गई, लेकिन सिफारिशें 1 जनवरी 1996 से ही लागू हो गईं। पहले 51 पे स्केल्स थे, इन्हें घटाकर 34 कर दिया।

**छठा वेतन आयोगः** ये 20 अक्टूबर 2006 को स्थापित हुआ रिपोर्ट मार्च 2008 में तैयार होकर सरकार के पास पहुंची। अगस्त 2008 में रिपोर्ट को मंजूरी मिली और सिफारिशें 1 जनवरी 2006 से लागू हुईं।

**7वां वेतन आयोगः** फरवरी 2014 में ये बना और मार्च 2014 तक टर्म्स ऑफ रेफरेंस फाइनल हो गए। रिपोर्ट नवंबर 2015 में सौंपी गई। जून 2016 में सरकार ने अप्रूव किया और सिफारिशें 1 जनवरी 2016 से लागू हो गईं। अभी डीए बेसिक पे का 55% है। डीए के हटने से टोटल सैलरी (बेसिक + डीए + एचआरए में बढ़ोतरी थोड़ी कम दिख सकती है, क्योंकि 55% डीए का हिस्सा हट जाएगा।

## डॉलर की तुलना में 9 पैसे की मजबूती के साथ बंद हुआ रुपया

**नई दिल्ली।** अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील होने की उम्मीद और स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों की लिवाली का असर आज भारत के मुद्रा बाजार में साफ-साफ नजर आया। मुद्रा बाजार में बने सकारात्मक माहौल के कारण रुपया आज डॉलर की तुलना में मजबूत होकर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा डॉलर की तुलना में 9 पैसे उछल कर 87.84 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय मुद्रा 87.93 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ ही की थी।

## पंजाब में पहली बार पुलिसकर्मियों की संख्या एक लाख के पार होगीः भगवंत मान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था को प्रभावी ढंग से बनाए रखने के लिए पंजाब पुलिस में कर्मियों की संख्या पहली बार एक लाख के आंकड़े को पार करेगी, क्योंकि राज्य सरकार ने एक बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान शुरू किया है।

पंजाब पुलिस के जांच अधिकारियों के लिए छह दिवसीय प्रमाणित इन्वेस्टिगेटर कोर्स की शुरूआत करने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि



वर्ष 2000 में पंजाब पुलिस की संख्या 80 हजार थी, जो आज भी लगभग उतनी ही है। उन्होंने कहा कि इस तथ्य के बावजूद कि पंजाब पुलिस को जिन चुनौतियों और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उनमें कई गुना वृद्धि हुई है, लेकिन पिछली सरकारों ने इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब पुलिस में कर्मियों की संख्या जल्द ही एक लाख के आंकड़े को पार कर जाएगी, क्योंकि राज्य सरकार पहले ही बड़े स्तर पर भर्ती अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शुरू की गई इस नई और महत्वपूर्ण पहल के तहत कुल 730 जांच अधिकारी इस छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत नशा तस्करों और स्मगलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने संबंधी विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

## भारत-रूस मिलकर बनाएंगे नागरिक यात्री विमान एसजे-100, एचएएल से समझौता

**कनेक्टिविटी**

> ☐ भारत में पूरी तरह से निर्मित विमान छोटी दूरी की कनेक्टिविटी के लिए बनेंगे गेमचेंजर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) ने नागरिक यात्री विमान एसजे-100 का उत्पादन करने के लिए समझौता किया है। भारत में बनने वाला यह विमान छोटी दूरी की कनेक्टिविटी के लिए बड़ा क्रांतिकारी बदलाव साबित होगा। इस समझौते के तहत एचएएल के पास घरेलू ग्राहकों के लिए एसजे-100 विमान बनाने का अधिकार



होगा। एचएएल के मुताबिक एसजे-100 एक दोहरे इंजन वाला संकीर्ण शरीर वाला विमान है। अब तक 200 से ज्यादा विमानों का उत्पादन किया जा चुका है और 16 से ज्यादा वाणिज्यिक एयरलाइन ऑपरेटर इसका इनका संचालन कर रहे हैं। एचएएल और रूसी कंपनी ने 27 अक्टूबर को मॉस्को में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एचएएल की ओर से प्रभात रंजन और यूएसी की ओर से ओलेग बोगोमोलोव ने एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील और यूएसी के महानिदेशक वादिम बडेखा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। एचएएल के अध्यक्ष ने कहा कि एचएएल और यूएसी के बीच यह सहयोग दोनों संगठनों के बीच आपसी विश्वास का परिणाम है। यह पहला ऐसा उदाहरण भी होगा, जिसमें भारत में एक पूर्ण यात्री विमान का उत्पादन किया जाएगा। इस तरह की पिछली परियोजना में एचएएल ने एवरो एचएस-748 का उत्पादन किया था, जो 1961 में शुरू हुई थी और 1988 में समाप्त हुई थी। अनुमान है कि अगले 10 वर्षों में भारतीय विमानन क्षेत्र को क्षेत्रीय संपर्क के लिए इस श्रेणी के 200 से अधिक जेट विमानों और हिंद महासागर क्षेत्र में आस-पास के अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थलों की सेवा के लिए अतिरिक्त 350 विमानों की आवश्यकता होगी।

## वांगचुक की पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, पुलिस और आईबी उनका पीछा कर रही

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा है कि राजस्थान पुलिस और आईबी ने उनका पीछा किया। इसके साथ ही गीतांजलि ने कहा है कि उनपर दिल्ली में भी नजर रखी गई। गीतांजलि ने कहा है कि जब वे जोधपुर जेल में अपने पति से मिलने गई थीं तो उन पर नजदीक से नजर रखी जा रही थी। उनका कहना है कि जब वे पति से मिलने के लिए ।7 और 11 अक्टूबर को जोधपुर पहुंचीं तो एयरपोर्ट पर उतरते ही उन्हें पुलिस के वाहन पर बैठा लिया गया। उनसे हर बार अपनी यात्रा से पहले यात्रा का पूरा विवरण अधिकारियों से साझा करने को कहा गया। यहां तक कि जब वे अपने पति से मुलाकात कर रही थीं उस समय भी मंगलेश नामक डीसीपी और एक महिला कांस्टेबल उनकी बातें सुन कर उन्हें नोट कर रहे थे।

## बुनियादी ढांचा जन-केंद्रित हो ताकि नागरिकों को मिले सुविधाः गडकरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुनियादी ढांचे के भविष्य के तीन प्रमुख स्तंभों- जन, समृद्धि और नियोजन- को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा जन-केंद्रित होना चाहिए, जिससे नागरिकों के लिए आराम और सुविधा सुनिश्चित हो।

इसके लिए देश भर में 670 सड़क किनारे सुविधाएँ विकसित



की गई हैं।

आज नई दिल्ली में आयोजित स्मार्ट सड़कों का भविष्य-सुरक्षा, स्थिरता और लचीलापन विषय पर सीआईआई के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि 2027 तक भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के तहत, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## रत्नावली महोत्सव, कला-परंपरा को सहेजने का प्रेरक मंचः सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा की समृद्ध लोक-संस्कृति और कला परंपरा को सहेजने वाले राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव का आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्सव हरियाणा की गौरवशाली विरासत, हमारी माटी की महक और लोक जीवन की झलक प्रस्तुत करता है। यह



विद्यार्थियों को न केवल अपने व्यक्तित्व को निखारने का अवसर देता है, बल्कि उन्हें अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करने की भावना से भी ओतप्रोत करता है। रत्नावली महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी जड़ों और पहचान को पुनर्जीवित करने का एक प्रेरक मंच है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा पद्मसे अलंकृत संतराम देशवाल तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अनूप लाठर को सम्मानित किया गया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने हरियाणवी बोली में प्रकाशित रत्नावली टाईम्स पत्रिका का भी विमोचन किया।

**आदेश**

> ☐ रत्नावली महोत्सव में 3500 युवा कलाकारों की होगी भागीदारी, 34 विधाओं में करेंगे अपनी प्रतिभा

## छठ पर्व की महाभारत काल में हरियाणा से महावीर दानवीर कर्ण ने की थी शुरूआतः सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि छठ पूजा का सम्बन्ध हरियाणा से है। एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरूआत महाभारत काल में हुई थी और सबसे पहले सूर्यपुत्र महावीर दानवीर कर्ण ने सूर्यदेव की पूजा यहां से 35 किलो मीटर की दूरी पर ही कर्ण की नगरी करनाल से शुरू की थी। वहां आज भी सूर्य पूजा का विशेष प्रभाव दिखता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में छठ पूजा महोत्सव के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का विधिवत रूप से आरंभ किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पूर्वांचल सभा ने स्मृति चिन्ह देकर को क्या सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम में पूर्वांचल के प्रसिद्ध गायक मालिनी अवस्थी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्वांचल भाषा में कहा, रउआ सभ के छठ पूजा के हार्दिक शुभकामना। छठ मैया के कृपा रउआ सभ प बनल रहे आउर रउआ के जिंदगी मे खुशियां भर दे। उन्होंने कहा, ब्रह्मसरोवर के ई पवित्र भूमि प छठ मैया के पूजा-अर्चना करे के एकदम बेजोड़ अनुभव बा। एहिजा के आस्था आउर श्रद्धा दिल के छू जाला। ई पर्व भारतीय संस्कृति के सेतु हवे, जे देस के हर क्षेत्र के आस्था के धागा से जोड़े ला।

**स्मृति चिन्ह**

> ☐ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पूर्वांचल सभा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

**विकास कार्य** — *मुख्यमंत्री ने ममलीग उप-तहसील को स्तरोन्नत कर तहसील बनाने की घोषणा की*

## सीबीएसई स्कूलों के अध्यापकों का बनेगा अलग कैडर : मुख्यमंत्री सुक्खू

**विकासात्मक**

> ☐ प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोलन :** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के ममलीग में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए ममलीग उप-तहसील को स्तरोन्नत कर तहसील बनाने की घोषणा की। उन्होंने ममलीग में लोक निर्माण



विभाग का उप मण्डल खोलने तथा स्कूल की छत्त के लिए 50 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 50 हजार रुपए देने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में राजस्व लोक अदालतों का आयोजन कर रही है और पारदर्शिता के लिए माई डीड परियोजना आरंभ की गई है, जिससे भूमि की रजिस्ट्री के लिए आम लोगों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए वर्तमान राज्य सरकार ने गहन अध्ययन किया और सुधारात्मक कदम उठाए, जिसके आज सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में देश भर में 21वें स्थान पर था, जबकि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से गुणात्मक सुधार आया और आज हिमाचल प्रदेश 5वें स्थान पर पहुंच गया है। पूर्व में वर्षभर अध्यापकों की ट्रांसफर होती रहती है, जिससे बच्चों की शिक्षा पर असर पड़ता था। लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने कड़े फैसले लिए। उन्होंने कहा कि जो स्कूल पिछली भाजपा सरकार ने मात्र राजनीतिक लाभ के लिए खोले थे, वर्तमान सरकार ने उन्हें बंद करने का फैसला लिया। गांव में पढने वाले बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं।

## राहुल आज बिहार दौरे पर, तेजस्वी के साथ जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 29 अक्टूबर को बिहार के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के साथ दो संयुक्त जनसभाओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस के अनुसार, राहुल गांधी बुधवार दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर मुजफ्फरपुर जिले के सकरा विधानसभा क्षेत्र में सदपुरा बुजुर्ग के श्रीकृष्ण राय यादव मैदान में पहली जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजकर 15 मिनट पर वह दरभंगा के लोम खेल मैदान में दूसरी संयुक्त जनसभा को संबोधित करेंगे।




उत्तर भारत

ACTION INDIA

ऊना, 29 अक्टूबर 2025

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com




# गुरु परंपरा ने भारत को दिया त्याग और बलिदान का संदेश- सीएम

□ लखनऊ में मुख्यमंत्री ने किया चरण सुहावे गुरु चरण (जोड़े साहिब) यात्रा का स्वागत, जहां गुरु के चरण पड़ते हैं, वह स्थान रामराज्य की तरह पवित्र बन जाता है- सीएम योगी □ सिख गुरुओं का भारत की सनातन परंपरा में योगदान अविस्मरणीय है- मुख्यमंत्री

□ यह यात्रा हमें उस गौरवशाली गुरु परंपरा से जोड़ती है, जिसने भारत की संस्कृति, साहस और बलिदान की भावना को नई दिशा दी- सीएम





**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** सिख समुदाय की आस्था का प्रतीक 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' के पवित्र जोड़ा साहिब का लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। यह यात्रा सिख समुदाय के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब से जुड़ी है, जो सिख आस्था का अत्यंत पवित्र प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवाणी सुनी और यात्रा सदस्यों को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा कमेटी ने सीएम योगी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी परंपरा में यह कहा गया है, ह्यजिथे जाए बहे मेरा सतगुरु, सो थान सुहावा राम राजे ह्व अर्थात जहां भी गुरु महाराज के पावन चरण पड़ते हैं, वह स्थान रामराज्य की तरह पवित्र और पुण्यभूमि बन जाता है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा हमें उस गौरवशाली गुरु परंपरा से जोड़ती है, जिसने भारत की संस्कृति, साहस और बलिदान की भावना को नई दिशा दी। यह त्याग, बलिदान और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा देने वाली यात्रा है- सीएम

सीएम योगी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर शुरू हुई है। यह केवल श्रद्धा की यात्रा नहीं, बल्कि त्याग, बलिदान और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा देने वाली यात्रा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं का भारत की सनातन परंपरा में योगदान अविस्मरणीय है। गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविंद सिंह जी महाराज और उनके चार साहिबजादों ने जिस प्रकार धर्म, देश और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, वह भारत के इतिहास को नई प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग ढाई सौ वर्षों से गुरु महाराज के पावन चरण पादुकाएं, जो पहले अखंड भारत के हिस्से पाकिस्तान में थीं, अब पटना साहिब में स्थापित की जा रही हैं।

दिल्ली से शुरू हुई यह यात्रा पूरे देश में गुरु परंपरा के प्रति सम्मान और गौरव का भाव जगाती जा रही है।

## आईटीओटी अलीगंज के प्रशिक्षार्थियों ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ मंगलवार को एक अद्भुत दृश्य की गवाह बनी, जब आईटीओटी अलीगंज के प्रशिक्षार्थियों ने पूरे प्रदेश को गौरव का अहसास कराया। राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का परचम लहराने वाले इन युवा प्रशिक्षकों का सम्मान समारोह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में धूमधाम से आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन ह्स्किल्ड इंडियाह्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिबद्धता कौशलयुक्त उत्तर प्रदेश को साकार करने की दिशा में यह एक बड़ी उपलब्धि रही। अखिल भारतीय उक्कर परीक्षा 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान पाने वाले 16 प्रशिक्षार्थियों और संस्थान स्तर पर चयनित 15 प्रशिक्षुओं को राज्य मंत्री कपिल देव ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित प्रशिक्षार्थियों की गौरवगाथा आईटीओटी अलीगंज के प्रशिक्षार्थियों ने इस वर्ष फिर इतिहास रचा है। भारत सरकार द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगिता में 10 ट्रेड्स में से 9 ट्रेड्स के प्रशिक्षुओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनमें कु. साक्षी चौरसिया (उ.र.अ.) और कु. प्रीति कांडू (इलेक्ट्रीशियन) को गत 4 अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया गया। जब साक्षी और प्रीति के नाम राष्ट्रीय मंच से पुकारे गए, तो पूरा लखनऊ गर्व से झूम उठा। यह न सिर्फ संस्थान की, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की जीत थी।

**आईटीओटी लखनऊ ने देश में रचा मानक**

प्रधानमंत्री के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प को आईटीओटी लखनऊ ने साकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत के 151 उक्कर संस्थानों में उत्तर प्रदेश का आईटीओटी लखनऊ राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर आना केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि यह हमारे युवाओं की प्रतिभा और अनुशासन की पहचान है।

## यह गुरुद्वारा हमारी साझा आस्था और राष्ट्रीय एकता का प्रतीकः सीएम योगी

लखनऊ का यहियागंज गुरुद्वारा इसलिए भी विशेष है क्योंकि गुरु तेग बहादुर जी और गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की स्मृतियां इस स्थान से जुड़ी हैं। यह गुरुद्वारा हमारी साझा आस्था और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। यह यात्रा केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शन है- मुख्यमंत्री सीएम योगी ने सिख समुदाय के प्रति आदर व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है।

## आसमान में नई ऊंचाइयां छू रहा उत्तर प्रदेश, हवाई यात्री और कार्गो ट्रैफिक में

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब न केवल सड़क पर, बल्कि आसमान में भी विकास की उड़ान भर रहा है। राज्य की हवाई कनेक्टिविटी और यात्री संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिससे प्रदेश अब भारत की हवाई ग्रोथ स्टोरी में एक अहम किरदार बन गया है। अप्रैल से अगस्त 2025 की अवधि में उत्तर प्रदेश के हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 14.6 प्रतिशत बढ़कर 60.02 लाख हो गई है। वहीं इस अवधि में भारत के कुल हवाई यातायात में राज्य की हिस्सेदारी 3.52 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 2024 की तुलना में 34 बेसिस पॉइंट्स अधिक है। इससे साफ है कि अब देश के हर 30 में से एक हवाई यात्री उत्तर प्रदेश से यात्रा कर रहा है। राज्य में हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि उस दूरदर्शी सोच का परिणाम है जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कनेक्टेड यूपी, समृद्ध यूपी विजन के तहत पेश की थी। उनका लक्ष्य रहा है कि हर क्षेत्र, हर जिला आधुनिक परिवहन से जुड़े ताकि पर्यटन, व्यापार और रोजगार में नई गति आए।

# सरकार की सफलता कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं: मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार की सफलता कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। प्रदेश के विकास में अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

शासकीय कर्मचारियों के चेहरे की खुशी ही हमारे विकास का आधार है। कर्मचारी प्रदेश के सच्चे कर्मयोगी हैं जो प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को जमीन पर उतारने में अहम भूमिका निभाते हैं। राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है। कर्मचारियों के कल्याण के कार्यों के लिए राज्य सरकार सदैव तत्पर है। राज्य शासन ने 1 जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना लागू करने के लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया है, इससे पेंशन की विसंगतियों को दूर करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को राज्य कर्मचारी संघ द्वारा मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में आयोजित दीपावली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीपावली मिलन समारोह के अयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों का समान रूप से ध्यान रख रही है। विभिन्न कर्मचारी संवर्गों की वेतन विसंगति, ग्रेड पे, पदनाम परिवर्तन के लिए सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मलित कर नया आयोग बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कार्यो का त्वरित रूप से निराकरण और अपने कर्त्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता, शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों का दायित्व है। शासन-प्रशासन परस्पर सहयोग से प्रदेश को तेज गति से सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय है।

**नई भर्ती आरंभ कर 2 लाख नए पद सृजित किए जाएंगे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखते हुए राज्य सरकार ने 9 साल से लंबित हाउस रेंट अलाउंस का निराकरण कराया है।

# राजस्थानः हाईटेंशन लाइन से छूने पर बस में दौड़ा करंट, दो मजदूरों की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक निजी बस हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। करंट दौड़ने से बस में आग लग गई। हादसे में कई मजदूर झुलस गए, जबकि दो मजदूरों की मौत हो गई। यह हादसा मनोहरपुर इलाके के टोडी गांव के पास हुआ, जहां ईंट-भट्टे पर काम करने के लिए मजदूरों को लेकर जा रही बस ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन के संपर्क में आ गई। करंट लगने के तुरंत बाद बस में आग भड़क उठी। भट्टे पर पहुंचने से करीब 300 मीटर पहले हादसा हो गया। हादसे में नसीम (50) और सहीनम (20) की मौत हो गई। बस में करीब 65 मजदूर सवार थे, जिनमें से 12 के झुलसने की जानकारी सामने आई है। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और ग्रामीणों ने किसी तरह बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही शाहपुरा (जयपुर ग्रामीण) के वृत्ताधिकारी मुकेश चौधरी, एसडीएम संजीव खेदड़ और मनोहरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। झुलसे मजदूरों को शाहपुरा के उपजिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल 5 मजदूरों को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर किया गया। बस के ऊपर गैस सिलेंडर और एक मोटरसाइकिल भी रखी हुई थी। हादसे के दौरान एक सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिससे आग और तेज फैल गई।

# मेकमायट्रिप ने ट्रैवल का मुहूर्त कैलेंडर मोमेंट लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** भारत की अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप ने आज ट्रैवल का मुहूर्त नामक एक नया कैलेंडर मोमेंट लॉन्च करने की घोषणा की। यह पहल भारत में साल के अंत की यात्रा योजनाओं की शुरूआत को चिह्नित करती है। इस प्रॉपर्टी में यात्रा के सभी पहलू शामिल हैं। फ्लाइट्स,स्टे,हॉलिडे पैकेज,ग्राउंड ट्रांसपोर्ट,टूर्स और अट्रैक्शन्स साथ ही वीजा,फॉरेक्स और ट्रैवल इंश्योरेंस जैसी जरूरी सेवाएँ भी। इसका उद्देश्य भारत और विदेशों के प्रमुख एयरलाइंस, हॉस्पिटैलिटी ब्रांड्स और बैंकिंग पार्टनर्स को एक मंच पर लाकर यात्रियों को सर्वोत्तम अनुभव और असाधारण वैल्यू प्रदान करना है।कैंपेन के दौरान हर सप्ताह चुने हुए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय लीजर डेस्टिनेशन्स पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिनमें बीचेज,हिल स्टेशन,सांस्कृतिक गंतव्य और सिटी एस्केप्स का आकर्षक मिश्रण होगा ताकि यात्रियों को साल के अंत की छुट्टियों के लिए नई प्रेरणा मिल सके।ट्रैवल का मुहूर्त का पहला संस्करण 29 अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक चलेगा।

इस अवधि में एमएम-टी ब्लैक मेंबर्स को एक्सक्लूसिव अर्ली एक्सेस मिलेगा जबकि हर शुक्रवार ब्लैक फ्राइडे डील्स और प्रतिदिन शाम 6.00 बजे से 9.00 बजे तक उपलब्ध लाइटनिंग ड्रॉप्स जैसी सीमित इन्वेंटरी ऑफर पेश की जाएँगी।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके सरकारी आवास में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शिष्टाचार भेंट की।

# टनकपुर को नई पहचान देगा शारदा कॉरिडोर विकास परियोजना : मुख्यमंत्री धामी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंपावतः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा स्थित लोहियाहेड कैम्प कार्यालय में शारदा कॉरिडोर विकास परियोजना की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना से जुड़े सभी कार्य जनता की अपेक्षाओं और स्थानीय आस्था के अनुरूप, समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूरे किए जाएं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि लगभग 3300 करोड़ की इस परियोजना का उद्देश्य 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का समग्र विकास करना है, जिससे यह क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यटन एवं पर्यावरणीय दृष्टि से सशक्त और आकर्षक बन सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने परियोजना के तहत प्रस्तावित 38 प्रमुख कार्यों की समीक्षा की। इन कार्यों में शारदा घाट का पुनर्विकास, रणकोची माता मंदिर का पुनरुद्धार, सिटी ड्रेनेज प्लान, बनबसा में हेलीपोर्ट निर्माण, चूका से चल्थी माउंटेन बाइक ट्रेल, अंतरराष्ट्रीय सीमा बाजार का विकास, श्रद्धा पथ नदी तट का सौंदर्यीकरण और एयरो स्पोर्ट्स सुविधाओं का निर्माण शामिल है।

□ परियोजना से जुड़े सभी कार्य जनता की अपेक्षाओं और स्थानीय आस्था के अनुरूप, समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूरे किए जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों में पर्यावरण संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए और डिजाइन स्थानीय स्थापत्य शैली एवं संस्कृति के अनुरूप हो। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को स्थानीय कार्यालय स्थापित करने के निर्देश भी दिए ताकि कार्यों की गति तेज हो और अनावश्यक विलंब न हो। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि भविष्य में लोहाघाट स्थित विवेकानंद सर्किट तथा मां वाराही धाम को स्पिरिचुअल जोन के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही, क्षेत्र को डेस्टिनेशन वेडिंग हब और वीर शहीदों के सम्मान में शौर्य स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य किए जा रहे हैं।

# हाई-स्पीड रेल इकोसिस्टम में प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा जोधपुर

**स्वीकृति**

□ जोधपुर के विकास को नई गति देते हुए केंद्र सरकार ने वंदे भारत कोच मेंटेनेंस डिपो के विस्तार के लिए 195 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की



**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** जोधपुर के विकास को नई गति देते हुए केंद्र सरकार ने वंदे भारत कोच मेंटेनेंस डिपो के विस्तार के लिए 195 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। शेखावत ने कहा कि जोधपुर में बन रहे वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मेंटेनेंस डिपो के विस्तार से हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के रखरखाव, प्रशिक्षण और तकनीकी विकास के नए आयाम खुलेंगे। इस परियोजना से जोधपुर देश के हाई-स्पीड रेल इकोसिस्टम में एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जोधपुर सहित पूरा राजस्थान अभूतपूर्व विकास यात्रा पर अग्रसर है। रेल क्षेत्र में यह निवेश न केवल तकनीकी प्रगति को गति देगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर भी सृजित करेगा।शेखावत ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा इस परियोजना के लिए रेलवे बोर्ड को 195 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। इसके तहत वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के मेंटेनेंस डिपो का विस्तार, बहुद्देश्यीय वर्कशॉप और विश्वस्तरीय ट्रेनिंग सेंटर का निर्माण किया जाएगा।

## टाइड ने एसएमई के लिए रोजमर्रा की यात्रा को और आसान बनाया

**शिमलाः** भारत के छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए अग्रणी वित्तीय प्रबंधन प्लेटफॉर्म टाइड ने अपने रूपे-सक्षम एक्सपेंस कार्ड में नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सपोर्ट जोड़ा है। यह कदम छोटे कारोबारियों और फ्रीलांसर्स को एक ही कार्ड से टैप, ट्रैवल और ट्रांजैक्शन करने में सक्षम बनाएगा। अब टाइड के सदस्य प्रमुख भारतीय शहरों में मेट्रो, बस, टोल और पार्किंग के लिए भुगतान कर सकेंगे।

# काशी गंगा महोत्सव में भजनों से भक्ति रस की सरिता बहाएंगे रघुवंशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी।** देव दीपावली से पहले काशी के घाटों पर संगीत, नृत्य व लोक कलाओं की संगीतमय सरिता बहेगी। माँ जान्हवी के पावन तट पर इस वर्ष गंगा महोत्सव का आयोजन 1 से 4 नवम्बर तक किया जाएगा। योगी सरकार के प्रयास से राजघाट पर देशभर के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर काशी की इस सांस्कृतिक परंपरा को और भव्य बनाएंगे जिनमें शास्त्रीय, भक्ति तथा लोक संगीत का अद्भुत संगम दिखाई देगा। इस महोत्सव में गायक हंसराज रघुवंशी अपने भजनों से श्रोताओं को भक्ति रस से ओत-प्रोत करेंगे। वहीं, पद्मश्री मालिनी अवस्थी अपने लोक गायन से उत्तर भारत की लोक परंपराओं को जीवंत करेंगी। पद्मश्री गीता चन्द्रन का भरतनाट्यम नृत्य भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहेगा। वहीं, नमो घाट पर काशी सांसद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता के प्रमुख कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

**कई मायनों में विशिष्ट होगा आयोजन**

संयुक्त निदेशक पर्यटन दिनेश कुमार ने बताया कि चार दिवसीय इस उत्सव में गीत, संगीत, नृत्य और वादन की गंगा बहेगी। गंगा महोत्सव के मंच पर लोक और शास्त्रीय संगीत की स्वर लहरियां गूंजेंगी तो साथ ही पारंपरिक नृत्य शैलियों की झलक भी देखने को मिलेगी।

# महापर्व छठ पूरे भारत ही नहीं बल्कि विश्व भर के विभिन्न देशों में मनाया जाताः राजीव जेटली

**महापर्व छठ**

□ सैक्टर-16 स्थित समाजसेवी मनोज मंडल व हरेन्द्र मंडल के निवास पर महापर्व छठ धूमधाम से मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद।** सैक्टर-16 स्थित समाजसेवी मनोज मंडल व हरेन्द्र मंडल के निवास पर महापर्व छठ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, फरीदाबाद के संयुक्त पुलिस आयुक्त राजेश दुग्गल, प्रगतिशील किसान मंच के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यवीर, सैक्टर-10 अश्वनी आईएलएनएस अस्पताल के डा. प्रेम कुमार, हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल कांफ्रेंस के जिलाध्यक्ष डा. सुरेश श्यारोण, रमेश कुमार, परियोजना अध्यक्ष डॉ.सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र एवं प्रांत महा मंत्री भारत विकास राजकुमार अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मनमोहन गुप्ता, अन्य उद्योगपति और राजनेता आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर आए हुए समाजसेवी मनोज मंडल व हरेन्द्र मंडल ने आए हुए सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने सभी के जीवन में सुख शांति के लिए सूर्यदेव एवं छठी मैया से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि छठ का पर्व बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश एवं बिहार के निवासियों द्वारा मनाया जाता हैए लेकिन आज महापर्व छठ पूरे भारत ही नहीं बल्कि विश्व भर के विभिन्न देशों में मनाया जा रहा है। इस पर्व को संपूर्ण भक्ति एवं शक्ति के साथ मनाते हैं। फरीदाबाद के संयुक्त पुलिस आयुक्त राजेश दुग्गल ने कहा कि छठ पर्व वास्तव में शक्ति की उपासना का पर्व है और इस पर्व पर व्रत रखकर भक्तजन भगवान( भास्कर) सूर्यदेव के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

ACTION INDIA
ऊना, 29 अक्तूबर 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

# पगोग, भोंट तथा डूमी पंचायतों को अब मिलेगी पर्याप्त पेयजल सुविधा

**शुभारंभ**

» पोआबो से 2.33 करोड़ की लागत से निर्मित उठाऊ पेयजल योजना का किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की पगोग, भोंट तथा डूमी पंचायतों का दौरा किया और लगभग 9 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किये।

उन्होंने ग्राम पंचायत डुमी के पोआबो में 2.33 करोड़ रुपए की लागत से डुमी, भोंट, ढली एवं चैड़ी पंचायतों की छुटी हुई बस्तियों के लिए ब्यूंट खड्ड से निर्मित उठाऊ पेयजल योजना का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 37 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन डुमी का शुभारंभ, 1.14 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले पंचायत सामुदायिक केन्द्र पोआबो तथा बगोरा में 5 करोड़ से निर्मित होने वाले वेस्ट टू वेल्थ व्यवसायिक प्रशिक्षण एवं कौशल उन्नयन केन्द्र का शिलान्यास भी किया।

इस अवसर पर उन्होंने चारों पंचायतों के वाशिंदों को बधाई देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में पेयजल की कमी को देखते हुए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 2.33 करोड़ की लागत से ब्यूंट खड्ड से एक बड़ी उठाऊं पेयजल योजना का निर्माण किया गया है जिसका आज शुभारंभ कर चारों पंचायतों की पेयजल से छुटी हुई बस्तियों सहित अन्य सभी को पर्याप्त पेयजल सुविधा दी जाएगी।

उन्होंने ग्राम पंचायत डुमी के पंचायत प्रतिनिधियों को डुमी पंचायत को नए बने पंचायत भवन के लिए बधाई देते हुए कहा कि सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश की सभी पंचायतों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा और इसी उद्देश्य से अब सभी पंचायतों का चरणबद्ध तरीके से आधुनिकीकरण किया जा रहा है जिसके लिए एक मुश्त राशि मुहैया करवाकर निर्धारित समय में कार्य पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र के लोगों की मांग पर पोआबो में पंचायत सामुदायिक केन्द्र भवन का शिलान्यास किया गया है जिस पर 1.14 करोड़ खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि बगोरा में 5 करोड़ रुपए की लागत से वेस्ट टू वेल्थ व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं कौशल उन्नयन केन्द्र निर्मित किया जा रहा है।

# स्टार्ट अप के लिए हिमाचल के युवाओं को मिलेगी बेहतर सुविधाएं : बुटेल

**विजय समयाल**
**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के कैबिनेट दर्जा प्राप्त प्रधान सलाहकार, नवाचार, डिजिटल प्रौद्योगिकी और शासन, गोकुल बुटेल ने आज यहां आईटी पार्क चैतड़ू, गगल के निरीक्षण के उपरांत होटल धौलाधार में एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के दो इन्क्यूबेशन सेंटर एक मेहली, शिमला और दूसरा गगल कांगड़ा स्थापित किए जा रहे हैं। इनमें से कांगड़ा स्थित एटीपीआई इन्क्यूबेशन सेंटर का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और इसका शीघ्र ही मुख्यमंत्री से लोकार्पण करवाया जाएगा। इससे आईटी क्षेत्र में युवाओं के लिए स्टार्ट आरंभ करने की बेहतर सुविधा मिलेगी।

# प्रदेश सरकार में काम करने की इच्छा ही समाप्त : जयराम ठाकुर

**सेवा**

» आपदा पीड़ितों को अपने तीन महीनों का वेतन दूंगाः जयराम ठाकुर



**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बालीचौकी में कहा कि प्रदेश की सत्तासीन कांग्रेस सरकार में काम करने की इच्छा ही समाप्त हो चुकी है। संकट और दु:ख की घड़ी में लोगों की उम्मीद रहती है कि सरकार उनके साथ खड़ी हो लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली ये सरकार जिम्मेदारी से दूर भाग रही है।

आपदा पीड़ितों की मदद के लिए सरकार को सारे काम छोड़ युद्धस्तर पर संजीदगी के साथ मदद के लिए आगे आना चाहिए था लेकिन दुर्भाग्य से इस सरकार को कोई परवाह नहीं है। तीन साल का इनका कार्यकाल ही त्रासदीभरा रहा है।

लोगों की मदद करने के बजाय इस सरकार ने भाजपा नेताओं को कोसने और मित्रों के घर भरने में लगा दिए। एक प्रकार से ये सरकार ही आपदा है जिसने आते ही जनता की मांग पर खोले गए दो हज़ार संस्थान बंद कर दिए और जब 2023 में आपदा आई तो खजाना खाली होने का रोना रोकर लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया। ऐसे में जहां घर आपदा ने छीने तो लोगों की उम्मीदें इस झूठी सरकार ने धूमिल कर दी। उन्होंने भरे मंच से पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की सराहना करते हुए कहा कि वो जहां एक बच्चे के लिए भी स्कूल खोल देते थे वहीं व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाले ये मुख्यमंत्री ठीक उनके विपरीत चल रहे हैं। वीरभद्र सिंह का हमेशा विकास का नजरिया रहा लेकिन इन जनाब का तो बदले की भावना से काम करना ही एकमात्र ध्येय रह गया है। पिछले दिनों अपनी नेता सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के सामने वीरभद्र सिंह की प्रशंसा का एक बच्चे के लिए भी स्कूल खोलने का झूठा गुणगान करते दिखे और अगले ही दिन उनके जाने के बाद उनके द्वारा खोले स्कूल ही बंद कर दिए।

# चंबा अस्पताल में इलाज करवाना है तो जेब में 10 रुपये होना जरूरी

**शुल्क**

» रोगी कल्याण समिति ने लागू किया 10 रुपये पर्ची शुल्क

**हामिद खान**
**चंबा।** अब अगर मेडिकल कॉलेज चंबा में मरीज को अपनी बीमारी का इलाज करना है तो उसकी जेब में कम से कम 10 रूपये जरूर होने चाहिए वरना उनका इलाज मुश्किल है। इसका कारण यह है कि पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में मरीज को अब पर्ची काउंटर पर 10 रूपये का शुल्क अदा करना ही होगा अन्यथा उन्हें पूछा भी नहीं जाएगा। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने प्रदेश सरकार की ओर से जारी अधिसूचना तथा रोगी कल्याण समिति की ई सी बॉडी की सहमति के बाद सोमवार से यह पर्ची टैक्स शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार तीन-चार महीने पहले प्रदेश सरकार की ओर से पर्ची शुल्क लगाने को अधिसूचना जारी कर संबंधित रोगी कल्याण समिति को इसे लागू करने को अधिकृत किया था। मेडिकल कॉलेज चंबा की रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित कर इस टैक्स को लागू करने पर जब विचार विमर्श किया गया तो समिति सदस्यों की सहमति पर ऑनलाइन पोर्टल पर पर्ची शुल्क हासिल करने को अप्रूवल के बाद इसे लागू किया गया है।

मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से पर्ची शुल्क लागू करने के पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि इसमें रोगी कल्याण समिति को आर्थिक और से मजबूत करने में जहां मदद मिलेगी वहीं यह पैसा रोगियों पर ही खर्च होगा तथा मरीजों को इस पैसे से सुविधा दी जा सकेगी। बरहाल सोमवार से मेडिकल कॉलेज चंबा में 10 रुपये पर्ची के तौर पर वसूलना शुरू कर दिया है।

# सात दिवसीय एन एस शिविर का शुभारम्भ

**विजय समयाल**
**कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला धमेटा मे सात दिवसीय एन एस शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रुप मे विधायक के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने शिरकत की। इस अवसर पर विधायक के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपलब्ध रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य क्रम अधिकारी प्रवक्ता मंगल सिंह प्रवक्ता मीनाक्षी देवी ने बच्चों को सात दिवसीय एन एस एस शिविर की रुपरेखा के वारे विस्तार पुर्वक जानकारी प्रदान की इस सात दिवसीय शिविर मे विधालय के प्रांगण को संवारना ओर गोद लिए गाँव समकड की सफाई की जाएगी।

# पुलिस ने डुमखर में पकड़ी अवैध शराब की बड़ी खेप

**राजन पुरी**
**ऊना।** थाना बंगाणा के अंतर्गत आने वाले डुमखर क्षेत्र में पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने करीब 1908 बोतलों से भरी 159 पेटियां देसी शराब की जब्त की हैं। पुलिस ने वाहन चालक को मौके से गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अवैध शराब की इस खेप के पकड़े जाने से पुलिस प्रशासन ने बड़ी तस्करी पर रोक लगाई है। जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी बंगाणा रोहित कुमार को सोमवार रात्रि गुप्त सूचना मिली थी कि बडसर की तरफ से आ रही एक पिकअप अवैध शराब लेकर बंगाणा से गुजर रहा था। जिस पर पुलिस ने डुमखर के समीप पिकअप को रोक तलाशील। जांच करने पर गाड़ी से 159 गत्ते की पेटियों में भरी देसी शराब की कुल 1908 बोतलें बरामद हुई। वाहन चालक की पहचान अश्वनी कुमार निवासी गांव बग्ग, डाकघर मराना, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वाहन व शराब को कब्जे में ले लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऊना संजीव कुमार भाटिया ने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह बड़ी सफलता मिली है।

## संक्षिप्त खबरें

# नाबालिग युवती का अपहरण



**हामिद खान**
**चंबा।** शादी की नीयत से नाबालिग के अपहरण का मामला चुराह उप मंडल में सामने आया है, पुलिस ने नाबालिग के पिता की शिकायत पर नाम जद तीन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस का दावा है कि जल्द ही नाबालिग को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ा लिया जाएगा तथा आरोपियों के विरुद्ध नियम अनुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जानकारी के अनुसार चुराह उप मंडल के एक गांव में तीन लोगों ने नियोजित ढंग से जाल बिछाकर नाबालिग का शादी की नीयत से अपहरण कर लिया। नाबालिग के अचानक लापता होने पर परिजनों ने अपने स्तर पर उसे हर जगह तलाश किया मगर उसका कोई पता ना चल सका। थक हार कर परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस से कर दी। इसी बीच इस षड्यंत्र के पीछे इलाके की दो महिलाएं तथा एक पुरुष पर संदेह जाहिर हुआ इस पर नाबालिग के पिता ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस में मामला दर्ज करवा लिया।

उधर एसपी चंबा अभिषेक यादव ने मामले की पुष्टि की है उन्होंने बताया कि तीसा पुलिस थाना में नाबालिग के पिता की शिकायत पर नामित तीन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है उन्होंने बताया कि जल्द ही नाबालिग के अपहरण की गुत्थी को सुलझा कर और आरोपियों को गिरफ्तार कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बंगाणा में दो भाईयों पर हॉकी व कड़े से हमला, एक लहूलुहान



**राजन पुरी**
**ऊना।** संजीवनी अस्पताल बंगाणा के पास एक मारपीट की घटना में दो भाइयों पर हमला करने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में अजय कुमार निवासी तनोह ने बताया कि गत दिवस अपने भाई अंकुश कुमार के साथ बाजार से दवाई लेने के लिए बाइक पर बंगाणा अस्पताल की ओर जा रहा था। संजीवनी अस्पताल के पास पहुंचे, तो सामने से आई एक कार के चालक दीपू निवासी दनोह ने उनकी बाइक रोक ली।

कार चालक ने भाई के साथ गाली-गलौज की। जब उसने कारण पूछा तो आरोपी बोला कि कार चालक ने गाड़ी में रखी हॉकी निकाली और दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। अजय कुमार ने आरोप लगाया कि हमले के दौरान आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इस बीच एक अन्य कार आई और दो व्यक्तियों ने भाई अंकुश के सिर पर कड़े से वार कर लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों भाइयों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# दो माह बाद भी नहीं आई खाद्य सैंपलों की रिपोर्ट: सतपाल सिंह सत्ती



**राजन पुरी**
**ऊना।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने प्रदेश सरकार और खाद्य सुरक्षा विभाग पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि फूड सेफ्टी विभाग की लापरवाही से प्रदेश में उपभोक्ताओं की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने बताया कि सितंबर से अब तक विभाग द्वारा पांच दर्जन से अधिक खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे गए हैं, जिनमें मिठाइयां, नमकीन, पनीर और अन्य सामग्री शामिल हैं।

सत्ती ने कहा कि फेस्टिवल सीजन के दौरान हिमाचल प्रदेश में अन्य रा%यों से भारी मात्रा में खाद्य पदार्थ, विशेषकर पनीर और दूध उत्पाद लाए गए। इनमें से कई बार संदिग्ध क्वालिटी की सामग्री भी पकड़ी गई, लेकिन अब सवाल यह है कि इतने सैंपल भरने के बावजूद अभी तक एक भी रिपोर्ट सामने क्यों नहीं आई।

विधायक ने कहा कि यदि पकड़ा गया सामान खराब था, तो उसे उपभोक्ताओं तक पहुंचने से क्यों नहीं रोका गया। यदि वह सुरक्षित था, तो व्यापारियों को इतने लंबे समय तक जांच के नाम पर क्यों परेशान किया गया।

# मुख्यमंत्री सुक्खू की महिला विरोधी मानसिकता एक बार फिर उजागर : डेज़ी ठाकुर

**आरोप**

» अपने मित्र मेयर को बचाने के लिए महिलाओं के हक पर डाका डाल रही है कांग्रेस सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डेज़ी ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु की सरकार महिलाओं से बार-बार विश्वासघात कर रही है।

कांग्रेस सरकार की हर नीति और निर्णय में महिलाओं के अधिकारों को कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिमला नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर के कार्यकाल को पाँच वर्ष कर देने का निर्णय लोकतंत्र और महिलाओं के आरक्षण अधिकार पर सीधा हमला है।

डेज़ी ठाकुर ने कहा कि रोस्टर के अनुसार इस बार शिमला नगर निगम में महिला को मेयर बनना था, लेकिन मुख्यमंत्री ने अपने मित्र मेयर को बचाने और खुश करने के लिए रोस्टर ही बदल डाला। यह कदम सुक्खु सरकार की महिला विरोधी सोच का जीता-जागता उदाहरण है।

लोकतंत्र की मूल भावना और महिलाओं की भागीदारी को दरकिनार कर केवल अपने नज़दीकी नेताओं को लाभ पहुँचाने की यह कोशिश निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी महिलाओं को धोखा दिया था—सत्ता में आने से पहले 1500 रुपये प्रतिमाह देने का झूठा वादा कर प्रदेश की आधी आबादी को ठगा गया। और अब, जब महिलाओं को मेयर पद का अधिकार मिलना था, तब कांग्रेस सरकार ने रोस्टर से छेड़छाड़ कर महिलाओं का राजनीतिक हक छीन लिया। यह प्रदेश की हर उस महिला का अपमान है जो राजनीति में समान भागीदारी चाहती है।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खु की महिला विरोधी मानसिकता इस बात से भी स्पष्ट होती है कि तीन साल में उन्होंने अपने मंत्रिमंडल में महिला कोटे से एक भी मंत्री नहीं बनाई।

पहले तो कांग्रेस के पास महिला विधायक नही थी परंतु अब अपनी पत्नी कमलेश ठाकुर के साथ साथ लाहौल से विधायक अनुराधा राणा भी है परंतु फ़िर भी किसी एक महिला को स्थान नही दिया गया।

महिला सशक्तिकरण की बातें करने वाली कांग्रेस सरकार वास्तव में महिलाओं को केवल वोट बैंक मानती है, साझेदार नहीं।

# हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय में सम्पन्न हुई सामान्य विकास समिति की बैठकें

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** सामान्य विकास समिति की बैठकों को आयोजन हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय में समिति के सभापति केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में किया गया जिसमें समिति सदस्यों सर्वश्री राकेश कालिया, विनोद कुमार, रणधीर शर्मा, जीत राम कटवाल, दलीप ठाकुर, सुदर्शन सिंह बबलू तथा हरदीप बावा ने भाग लिया।

समिति ने उक्त बैठकों में मांग संख्या 23 विद्युत विकास विभाग की वित्तीय वर्ष (2023-24) की अनुदान मांगो की संवीक्षा पर आधारित समिति के द्वितीय मूल प्रतिवेदन (2022-23) (चौदहवीं विधान सभा) और परिवहन विभाग से सम्बन्धित लम्बित आश्वासनों के संदर्भ में विभागीय सचिवों का मौखिक साक्ष्य किया। समिति की आगामी बैठकें 25 व 26 नवम्बर, 2025 को होनी निश्चित हुई हैं।

# एक साथ कई फसलें उगाकर तीर्थू देवी ने पेश की मिसाल

**खेती**

» गांव हरनेड़ की वृद्ध महिला किसान ने प्राकृतिक खेती से किया कमाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** रासायनिक खाद और जहरीले कीटनाशकों के प्रयोग के बगैर भी खेतों से अच्छी पैदावार ली जा सकती है तथा एक ही खेत में, एक ही सीजन में, एक साथ कई फसलें भी उगाई जा सकती हैं। हमीरपुर की निकटवर्ती ग्राम पंचायत बफड़ीं के गांव हरनेड़ की 68 वर्षीय महिला किसान तीर्थू देवी ने यह कर दिखाया है। कृषि विभाग की आतमा परियोजना के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित की जा रही प्राकृतिक खेती की विधि को अपनाकर तीर्थू देवी अपने खेतों में एक साथ कई फसलें उगा रही हैं और इन फसलों के अच्छे दाम भी प्राप्त कर रही हैं। पिछले माह समाप्त हुए खरीफ सीजन के दौरान तीर्थू देवी ने अपने खेतों में देसी मक्की के साथ ही तिल, सोयाबीन और भिंडी भी लगाई थी। उन्होंने इन फसलों में रासायनिक खाद या कीटनाशकों का बिल्कुल भी प्रयोग नहीं किया। अत्यधिक बरसात के कारण तिल की फसल तो खराब हो गई, लेकिन मक्की, सोयाबीन और भिंडी की अच्छी पैदावार हुई।

# वेट्सफार्मा लिमिटेड में भरे जाएंगे 10 पद, साक्षात्कार 30 को

**राजन पुरी**
**ऊना।** मैसर्ज वेट्सफार्मा लिमिटेड द्वारा अकुशल श्रमिकों के 10 पदों के लिए 30 अक्तूबर को सुबह 10:30 बजे उप रोजगार कार्यालय हरोली में साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने जानकारी दी कि इसके लिए अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं और आयु सीमा 21 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, आधार कार्ड, कार्यालय पंजीकरण कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो व मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं।

# किशोरावस्था दिवस पर बीड बगेहड़ा स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित : डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा

**सकारात्मक**

» किशोरावस्था में सकारात्मक सोच होती है अत्यंत आवश्यक



**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** बीड बगेहड़ा स्कूल में आज किशोरावस्था दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्थानीय सरकारी विद्यालय में पहुंचकर विद्यार्थियों को किशोरावस्था से जुड़ी स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवनशैली संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। कार्यक्रम की अगुवाई डॉ. सुरिंदर सिंह डोगरा ने की।

उनके साथ सुपरवाइज़र रविंद्रा देवी, सीएचओ इंदु, एफएचडब्ल्यू रुचि राणा, आशा वर्कर सीमा व रंजना, तथा स्वास्थ्य विभाग के सदस्य शौरभ ठाकुर भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या वंदिता शर्मा के नेतृत्व में इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने किशोरावस्था के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का उद्देश्य था, किशोरों को यह समझाना कि यह उम्र जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दौर है, जिसमें सही दिशा, संतुलित आहार, स्वच्छता और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक होती है।

# एनएसएस शिविर में एएसआई श्यामलाल ने साइबर क्राइम व नशा मुक्ति पर दी जानकारी

**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरमाणा में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत आज प्रभात फेरी से हुई, जो गुग्गा भटेड़ गांव में भजनों के साथ संपन्न हुई।

प्रभात फेरी के माध्यम से स्वयंसेवियों ने ग्रामवासियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया इसके उपरांत स्वयंसेवियों ने प्रार्थना, व्यायाम, योग एवं पौधारोपण गतिविधियों में भाग लिया। नाश्ते के बाद विद्यालय परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने परिसर की सफाई, पौधारोपण तथा दीवारों पर प्रेरणादायक नारे लिखे।

इस अवसर पर बरमाणा पुलिस थाना के एएसआई श्यामलाल रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ हेड कांस्टेबल श्री रमेश भी मौजूद रहे।

उन्होंने स्वयंसेवियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, साइबर क्राइम की रोकथाम तथा नशे से होने वाले नुकसान और उससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# छपरोह के मलकीत सिंह हुए प्रदेश भाजपा एससी मोर्चा के सचिव पद पर नियुक्त

**हौंसला**

» माता चिंतपूर्णी में हुआ भव्य स्वागत, युवा नेता की हौंसला अफजाई में पहुंचे सैंकडों युवा



**राजन पुरी**
**ऊना।** चिंतपूर्णी क्षेत्र की ग्राम पंचायत छपरोह में एक गरीब परिवार से संबंध रखने वाले मलकीत सिंह को हिमाचल प्रदेश एससी मोर्चा के प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।

मंगलवार को मलकीत सिंह ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में नतमस्तक होकर प्रदेश में मिली जिम्मेदारी को बखूबी से निभाने और हर कसौटी पर खड़ा उतरने के लिए मां से आशीर्वाद प्राप्त किया। माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी संजय कालिया ने विधि विधान से युवा नेता से पूजा अर्चना करवाई। इस अवसर पर सैकड़ो महिला, पुरुष और युवा भी मां के मंदिर अपने युवा नेता के साथ आशीर्वाद लेने पहुंचे, तो वहीं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी उन्हें बधाई दी है। इस दौरान हमारा नेता कैसा हो मलकीत सिंह जैसा हो नारों से चिंतपूर्णी बाजार गूंज उठा।

युवा नेता मलकीत सिंह को प्रदेश सचिव पद मिलने पर खासकर धार क्षेत्र से संबंध रखने वाले मलकीत सिंह को प्रत्येक वर्ग का साथ मिल रहा है।

# ठेकेदारों के भुगतानों पर ताला, सुक्खू सरकार का दिवाला— काम करवा कर मुकर गई कांग्रेस सरकार : राकेश जम्वाल

**नाकाम**

ट्रेजरी बंद, विकास ठप, जनता त्रस्त—झूठ और बहानों से चल रही सुक्खू सरकार की नाकाम व्यवस्था



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार पूरी तरह झूठ, दिखावे और ढकोसले पर चल रही है। दिवाली से पहले सभी ठेकेदारों को भुगतान करने का दावा करने वाले मुख्यमंत्री ने जनता से खुला धोखा किया है। प्रदेश भर में आज भी ठेकेदार भुगतान न मिलने के कारण कार्य बंद कर चुके हैं और विकास योजनाएँ अधर में लटक गई हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार की वित्तीय हालत बेहद खराब है और राजकोषीय अनुशासन पूरी तरह चरमरा चुका है। राकेश जमवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मंचों से बयान देते हैं कि ठेकेदारों का भुगतान होगा,राज्य की स्थिति सुधर रही है लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि ट्रेजरी के दरवाज़े बंद हैं, बिल पास नहीं हो रहे, और कोई भी विभाग अपने स्वीकृत कार्यों का भुगतान नहीं कर पा रहा है। विधायक निधि के कार्यों की फाइलें महीनों से कोषागार में धूल खा रही हैं, जबकि सरकार झूठे दावों से जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि दिवाली से पहले भुगतान की बात करना और फिर उसे पूरा न करना इस सरकार के विश्वासघात की पराकाष्ठा है। जो सरकार अपने ही ठेकेदारों और कर्मचारियों का पैसा रोक ले, वह विकास के नाम पर प्रदेश को केवल मंदी और अराजकता की ओर धकेल सकती है। यह सरकार प्रशासन नहीं चला रही, केवल प्रचार तंत्र चला रही है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की प्राथमिकता केवल सत्ता में बने रहना है,
जनता की समस्याओं से इसका कोई सरोकार नहीं। विधायक निधि तक जारी नहीं हो रही, पंचायतों को फंड नहीं मिल रहे, और विकास योजनाएं ठप हैं। मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में ऐसा फर्क है कि अब जनता को उन पर जरा भी भरोसा नहीं रहा।

# श्री नयना देवी जी का कपाली कुंड में छठ पूजा की धूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर की पर्यटन नगरी श्री नयना देवी जी में छठ पूजा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री नयना देवी जी के प्राचीन कपाली सरोवर में डुबकी लगाई और छठ पूजा की तमाम रस्में विधिवत रूप से पूरी कीं। आसपास के क्षेत्रों में रह रहे बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रवासी परिवारों द्वारा कपाली सरोवर के तट पर इस वर्ष भी पारंपरिक छठ पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। यह पर्व सूर्य उपासना और शुद्धता का प्रतीक है, जो बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों के बीच अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। लेकिन अब देवभूमि हिमाचल में भी इसका आयोजन किया जा रहा है। शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में भी विधि वत रूप से पूरे कपाली सरोवर क्षेत्र को रंग.बिरंगे फूलों गुब्बारों से सजाया गया है। श्रद्धालुओं द्वारा सजावट जिसमें कलश, केले के पत्ते, दीपों की लड़ियाँ और पारंपरिक रंगोली से पूरा परिसर सजा हुआ है। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में लोकगीतों की तैयारी शुरू की, वहीं पुरुष समुदाय पूजा सामग्री और व्यवस्था में व्यस्त रहें। श्रद्धालुओं ने बताया कि छठ पूजा का आरंभ कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि से होता है और इसका समापन षष्ठी तिथि को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालु छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत रखते हैं और सूर्य देव से परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना करते हैं। शाम के समय डूबते सूर्य को और भोर में उगते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा इस पर्व का मुख्य आकर्षण है।
प्रवासियों के अनुसार, इस पर्व ने अब स्थानीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना ली है। कई स्थानीय परिवार भी इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेने लगे हैं।

# सभी विभाग समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करें: राजेश धर्माणी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में बचत भवन बिलासपुर में विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जल शक्ति, विद्युत बोर्ड, एचआरटीसी, परिवहन, योजना, हिमुडा तथा राजस्व विभागों के विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। इस मौके पर राजेश धर्माणी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं एवं कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य विभिन्न विकासात्मक कार्यों के माध्यम से आम जनमानस को सुविधा सुनिश्चित कराना



है, ऐसे में सभी विभाग विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करना सुनिश्चित बनाएं ताकि लोगों को विकास परियोजनाओं का समयबद्ध लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि गत मानसून मौसम के दौरान राहत राशि से वंचित पात्र सभी लोगों को शामिल करते हुए उन्हें भी राहत पहुंचाई जानी चाहिए। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारी बरसात से प्रभावित सभी गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को आपदा राहत में शामिल किया जाए ताकि कोई भी परिवार राहत राशि से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों बरठीं के समीप हुए भूस्खलन के कारण दुखद बस हादसे में प्रभावित परिवारों को प्रदेश सरकार की ओर से 4.4 लाख रूपये तथा केंद्र सरकार की ओर से 2.2 लाख रुपये की राहत राशि प्रदान कर दी गई है। उन्होंने जल शक्ति विभाग की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों के हवाले से कहा कि बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई में श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के लिए चरण गंगा से योजना निर्मित करने को अनुमति प्रदान कर दी गई है

## राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में मनाया गया राष्ट्रीय आयुर्वेदिक दिवस

किन्नौर। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा आज राष्ट्रीय आयुर्वेदिक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग के प्रोफेसर अश्वनी कुमार ने आयुर्वेदिक पद्धति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया। प्रो. अश्वनी कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेदिक तरीकों को अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है जो तन, मन और आत्मा तीनों को संतुलित रखती है। उन्होंने छात्रों को हल्दी, आंवला, नीम, तुलसी जैसे औषधीय पौधों के महत्व से अवगत कराया

# प्रदेश में पहली बार बुजुर्ग पैंशनर्ज को पैंशन के लिए सड़क पर उतरना पड़ा: चेतराम वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति जिला बिलासपुर के संयोजक चेत राम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा हैं कि सरकार के पेंशनरों की देनदारियां देने के लिए टाल मटोल कर रही हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार के इतिहास में पहली बार हुआ हैं कि अपने हक्कों के लिए बजुर्ग पेंशनरों को सड़कों पर उतरना पड़ा हैं जैसा कि फरवरी और सितम्बर 2024 में पुरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन किया था, तभी प्रदेश के पेंशनरों को महंगाई भत्ते की किस्तें मिली थी लेकिन एरियर आजतक नहीं मिल पाया हैं। सीआर वर्मा ने कहा हैं कि सरकार को बार बार चेतावनी देने के बाद भी पेंशनरों को वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया, जिसकी वजह से सरकार को मांगो के बारे नोटिस देने के बाद 17 अक्टूबर 2025 को पुरे प्रदेश में जिला के मुख्यालय पर सरकार की अनदेखी के विरुद्ध सभी सेवानिवृत पेंशनर्स जिसमे बोर्ड, कार्पोरेशन सहित अन्य सभी विभागों के लगभग बीस से अधिक संगठनों व एसोसिएशन के पेंशनरों ने बढ़चढ़कर धरना प्रदर्शन में भाग लेते सरकार के विरुद्ध नारे बाजी के साथ आवाज बुलंद करते हुए श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से जिलाधीश कार्यालय बिलासपुर तक भाग लिया लेकिन सरकार के कान में आजतक जूँ तक नहीं रेंग पाई हैं। इसी को मध्यनजर रखते हुए अगली रणनीति बनाने के लिए प्रदेश स्तरीय हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक 7 नवंबर 2025 को जिला बिलासपुर में जिला परिषद हॉल में होने जा रही हैं क्योंकि हिमाचल प्रदेश के सभी गरीब 68 माननीयों ने जिसमे मुख्यमंत्री, विधायकों व चेयरमैन सहित ने अपने वेतन व भत्ते तीस प्रतिशत के हिसाब से बढ़ा लिए हैं लेकिन जब जनता व पेंशनरो की देन दारियों की बात आती हैं तो सरकार के खजाने खाली हो जाते हैं। जिला संयोजक चेत राम वर्मा ने कहा है कि वो समय दूर नहीं हैं

# कल्लर स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कल्लर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ आज विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण सिंह चंदेल ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य अंजू देवी, एसएमसी अध्यक्ष महेंद्र पाल, पूर्व अध्यक्ष रमेश राणा तथा एसएमसी के सलाहकार बाबू राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्वए सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता व नैतिक मूल्य का विकास करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### बेंगलुरु में आयोजित स्कूली राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे पांच खिलाड़ी

टीम एक्शन इंडिया
मंडी। सुंदरनगर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान बेंगलुरु में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय सरपंच प्रतियोगिता के लिए छात्रों का चयन किया गया। पहले चरण में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का खेल प्रदर्शन और अंकों के आधार पर 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इसके बाद इन 15 खिलाड़ियों में से पांच टॉप खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए। प्रतियोगिता के चीफ आर्बिट राजकुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता 5 से 7 नवंबर तक बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। इस अंडर–19 शतरंज प्रतियोगिता में प्रदेश के 59 खिलाड़ियों ने शिरकत की। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आर्बिटर अरविंद कुमार, चन्दन सहगल, रवि दत्, भोले दत्, जगदीश शर्मा, अनिल कुमार, अनिल भेक्टा, कृष्ण कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जिला मुख्यालय में दिशा की बैठक तीन नवम्बर को होगी

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी
कुल्लू। जिला मुख्यालय में दिशा की बैठक तीन नवम्बर को होगी। इसकी तैयारियों को लेकर अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार ने बैठक की अध्यक्षता कर अधिकारियों को उचित दिशा–निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि तीन नवम्बर को जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने आंकड़ों की प्रस्तुति अच्छे तरीके से करें, आवश्यक और संक्षेप में अपनी स्कीमों से संबंधित प्रस्तुति दें। उन्होंने निर्देश दिया कि दिशा की बैठक में दिए गए दिशानिर्देश तथा सुझावों पर किए गए अमल को विशेष रूप से उल्लेख करें। इस अवसर पर जिला के अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### अंतर्राज्यीयी लोक सांस्कृतिक उत्सव में दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर।
बिलासपुर। बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर बिलासपुर में जारी अंतर्राज्यीय लोक सांस्कृतिक उत्सव के तीसरे दिन लोक धुनों और नृत्य की रंगत ने ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार लोक जीवन की सुगंध से महक उठा। मां वैष्णो साँस्कृतिक कला मंच के कलाकारों ने जब मंच संभाला तो पूरा परिसर झूम उठा। मंच पर उमड़ी विविधता ने यह एहसास कराया कि भाषा, लय और लोक भले अलग हों, पर दिलों की धड़कन एक है। कलाकारों के हर कदम और हर मुस्कान में भारतीय संस्कृति की आत्मा झलक रही थी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राजेश कौशल, क्षेत्रीय प्रबंधन अधिकारी बिलासपुर ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि यह उत्सव केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि लोक विरासत के पुनर्जागरण का पर्व है। राजेश कौशल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन पर बल दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि अनूप सांख्यान, सोनू ठाकुर, जतिन ठाकुर और रविन्द्र चंदेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला भाषा.संस्कृति अधिकारी नीलम चंदेल, इन्द्र सिंह चंदेल, अध्यक्ष हिम कला संगम सतपाल शर्मा, प्रदीप कुमार, मुकेश शर्मा, भगत सिंह, दौलत सिंह ठाकुर, आशीष राणा, कृष्ण लाल ठाकुर, रमेश, रघुराज, हरि कृष्ण, नरेश चैधरी, यशपाल, परम देव, पदम देव, दिनेश ठाकुर, नरेंद्र दत्त शर्मा, गायत्री शर्मा, नरेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### गुड समेरिटन से समाज में मानवता, करुणा और जिम्मेदारी की भावना को मिलता है बल: डीसी

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर।
उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि सरकार की गुड समेरिटन नीति का मूल उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को शीघ्र चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना तथा आम नागरिकों को नि:स्वार्थ भाव से सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि यह पहल समाज में मानवताए करूणा और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देती है। उपायुक्त आज यहां जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

# एगोविंद सागर झील में एडवेंचर, संस्कृति और स्थानीय आजीविका का संगम बनेगा एक्का फेस्ट-2025: धर्माणी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा हिमाचल पर्यटन विभाग और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से 21 से 23 नवम्बर तक बिलासपुर एक्का फेस्ट–2025( (जल महोत्सव) का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन गोविंद सागर झील के लुहणू से मंडी भराड़ी तक के क्षेत्र में होगा। उन्होंने बताया कि यह तीन दिवसीय वाटर स्पोर्ट्स कार्निवल रोमांच, साहस और मनोरंजन का अनोखा संगम होगा। इस दौरान कई आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिनमें कायकिंग एवं कैनोइंग, कंट्री बोटिंग, स्विमिंग, स्टिल वाटर राफ्टिंग और फील.फ्री कायकिंग प्रमुख हैं। इस आयोजन में विभिन्न राज्यों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और खेल संघों से लगभग 200 से 250 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है। धर्माणी ने बताया कि इस अवसर पर रेड क्रॉस मेला, स्थानीय आजीविका मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। जिनमें स्वयं सहायता समूह और स्थानीय उद्यमी अपने उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री करेंगे। आगंतुकों के मनोरंजन के लिए विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गोविंद सागर झील को प्रमुख जल एवं इको.टूरिज्म गंतव्य के रूप में विकसित करना और रोमांचक वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। इससे न केवल स्थानीय पर्यटन को नई दिशा मिलेगीए बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने में भी मदद मिलेगी। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य में मॉनसून सीजन के दौरान पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष योजना तैयार कर रही है। उन्होंने बताया कि मानसून के महीनों में प्रदेश में पर्यटन गतिविधियां सामान्य से कम हो जाती हैं, जिससे राज्य को राजस्व और स्थानीय अर्थव्यवस्थाए दोनों स्तरों पर नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में इस दिशा में ठोस रणनीति तैयार करने पर चर्चा चल रही है। धर्माणी ने बताया कि सरकार का लक्ष्य मॉनसून सीजन को भी पर्यटन के लिए आकर्षक बनाना हैए ताकि पूरे वर्ष प्रदेश में पर्यटकों की आवाजाही बनी रहे। इसके तहत राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित जलाशयोंए झीलों और प्राकृतिक स्थलों को मानसून टूरिज्म सर्किट के रूप में विकसित करने की योजना पर विचार किया जा रहा है।

## राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव-2025 के सफल आयोजन के मद्देनजर बैठक आयोजित

किन्नौर। उपायुक्त एवं अध्यक्ष राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव समिति डॉ. अमित कुमार शर्मा ने आज यहां रिकांग पिओ स्थित अपने कार्यालय कक्ष में 30 अक्तूबर से 02 नवम्बर, 2025 तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव–2025 के सफल आयोजन के मद्देनजर बैठक की अध्यक्षता की और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव का शुभारंभ राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे

# मंडी जिला को टीबी मुक्त भारत अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार

**सम्मानित**

स्वास्थ्य सचिव एम. सुधा देवी ने शिमला में किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए मंडी जिले को बेस्ट टीबी स्कोर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में स्वास्थ्य सचिव एम. सुधा देवी ने प्रदान किया। मंडी जिला की ओर से यह पुरस्कार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाली शर्मा और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरिंदम रॉय ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। मंडी जिले ने वर्ष 2025 में टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत मरीजों की समयबद्ध पहचान, उपचार की नियमितता, पोषण सहायता वितरण और जन–जागरूकता गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इन सभी प्रयासों के फलस्वरूप मंडी जिला ने पूरे प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर यह सम्मान अर्जित किया है। इस उपलब्धि पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने जिला स्वास्थ्य विभाग, आशा कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई

# मनाली में फिर लौटी रौनक : प्रदेश सरकार के प्रयासों से सजीव हुई पर्यटन नगरी

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी



कुल्लू। देवभूमि हिमाचल की पर्यटन नगरी मनाली एक बार फिर मुस्कुरा उठी है।भारी वर्षा और भूस्खलन से ठहर चुकी रफ्तार अब तेज हो चली है और इस बदलाव के केंद्र में हैं प्रदेश सरकार के त्वरित निर्णय और कुशल नेतृत्व। मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के दिशा–निर्देशों पर जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग ने युद्धस्तर पर सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की बहाली के कार्य शुरू किए। जिससे राष्ट्रीय राजमार्गों से लेकर आंतरिक सड़कों तक सफर फिर आसान हुआ और अब मनाली में पर्यटन गतिविधियाँ फिर से लौटने लगी हैं।
प्रदेश सरकार की प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर था सड़क संचार बहाल करना। भूस्खलन और मार्ग क्षति के बाद त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए गए, और परिणामस्वरूप मनाली–चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग अब पूर्णत: सुचारु हो चुके हैं। राज्य परिवहन विभाग के सहयोग से वॉल्वो बस सेवाएँ पुन: आरंभ की गई हैं, जिससे देशभर से सैलानियों का आगमन लगातार बढ़ रहा है। मनाली की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर आधारित है। सरकार की इस संवेदनशील सोच का ही परिणाम है कि आज मनाली फिर से जीवन और उत्साह से भर उठा है। मार्ग खुलते ही घाटी में सैलानियों की चहलकदमी बढ़ने लगी है। सोलंग, अटल टनल, मढ़ी, रोहतांग जैसे प्रसिद्ध स्थल फिर से पर्यटकों से गुलज़ार होने लगे हैं। होटल व्यवसायियों के अनुसार, होटल ऑक्यूपेंसी अब बढ़कर 30 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। पर्यटन कारोबारियों, होमस्टे संचालकों, टैक्सी चालकों और दुकानदारों के चेहरों पर लंबे समय बाद मुस्कान लौट आई है। होटल संचालक, मनाली धर्मपाल शर्मा ने कहा कि सरकार की तत्परता और कुशल योजना से मनाली के पर्यटन कारोबार को पुनर्जीवित किया है। मनाली के माल रोड स्थित व्यवसायी मिथलेश कुमार का कहना है कि सरकार के तुरंत सड़कों की बहाली कार्य से मनाली तक वॉल्वो बस आने से पर्यटकों का आन शुरू हुआ है और उनमें सुरक्षा तथा विश्वास भी पैदा हुआ है। मनाली उपमण्डल में पंजीकृत 1009 होटल और 302 होमस्टे हजारों लोगों को रोजगार देते हैं। सड़कों की मरम्मत और पर्यटन की वापसी से अब घाटी की आर्थिक गतिविधियाँ फिर से तेज हो गई हैं। सरकार के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू कर एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियाँ अब पूर्ण रूप से आरंभ हो गई हैं — पैराग्लाइडिंग, रिवर राफ्टिंग, ट्रैकिंग, माउंटेन बाइकिंग और वाटर स्पोर्ट्स फिर से सैलानियों को आकर्षित कर रही

# 1 नवंबर को बंजार में होगा यूनिटी मार्च



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** भारत के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती को लेकर जिला कुल्लू के बंजार विधानसभा क्षेत्र में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा और इस कार्यक्रम में सांसद कंगना रनौत विशेष रूप से शामिल रहेंगी। वही सरदार पटेल की 150वीं जयंती को लेकर जिला भर में अन्य कार्यक्रम भी आयोजन किए जाएंगे। ढालपुर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए सरदार ञ्च150 यूनिटी मार्च के जिला समन्वयक एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल्लू जिला में मेरा युवा भारत के तहत बंजार कॉलेज से एक पदयात्रा निकाली जाएगी और इस यात्रा की थीम एक भारत आत्मनिर्भर भारत होगी। यह कार्यक्रम 1 नबंवर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिमाचल में अब तक 61 हजार 644 युवाओं ने माई भारत पोर्टल में अपना पंजीकरण करवाया हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माध्यम से किया जा रहा हैं और माई भारत पोर्टल के माध्यम से एनएसएस को भी जोड़ा गया हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से बंजार में कुछ युवाओं का चयन किया जाएगा जो गुजरात में होने वाली राष्ट्रीय यूनिटी मार्च में भाग लेंगे। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है।

# इग्नू टर्म एंड परीक्षा के लिए अब 31 अक्टूबर तक कर सकेंगे आवेदन

टीम एक्शन इंडिया
संगराय

जोगिंद्रनगर। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने दिसंबर टर्म एंड परीक्षा 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि को आगे बढ़ा दिया है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट e&am.ignou.ac.in पर जाकर आवेदन करना पड़ेगा। अंतिम तिथि यूं तो 26 अक्टूबर 2025 तक आगे बढ़ाई गई है लेकिन लेट फीस के साथ अभ्यर्थी 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इग्नू दिसंबर 2025 टर्म एंड एग्जामिनेशन की परीक्षाएं पहली दिसंबर 2025 से शुरू होगी, और अंतिम परीक्षा का आयोजन 14 जनवरी 2025 को किया जाएगा। राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय जोगिंदर नगर के इग्नू सेंटर के समन्वयक डॉक्टर प्रकाश चौहान ने जानकारी देते हुए सभी छात्र–छात्राओं से आग्रह किया है कि, यदि अभी तक भी उन्होंने टर्म एंड परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं किया है तो वह 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं । इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार छात्रों को टर्म एंड एग्जामिनेशन फॉर्म भरते समय आईडी बनाना अनिवार्य है, थ्योरी और प्रैक्टिकल कोर्स के लिए प्रति कोर्स 200 रुपए का भुगतान करना होगा। 31 अक्टूबर से अभ्यर्थियों से1100 रुपए लेट फीस ली जाएगी।

# चार महीने बाद भी नहीं सुधरे हालात विधायक शौरी ने सरकार की बेरुख़ी पर उठाए सवाल

**वितरण**

भलान व न्यूल पंचायत के प्रभावितों से मुलाक़ात कर किया राहत वितरण



टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

बंजार। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने आज गड़सा घाटी की ग्राम पंचायत भलान–1 के खोडाआगे गांव का दौरा किया और आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याओं को सुना। इस भीषण प्राकृतिक आपदा में लगभग सात मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, कई घर भूस्खलन के खतरे की जद में हैं तथा सैकड़ों बीघा कृषि भूमि को भारी नुकसान पहुँचा है। विधायक शौरी ने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए प्रदेश सरकार से प्रभावित परिवारों की उपयुक्त सहायता हेतु विशेष राहत पैकेज की माँग दोहराई है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद दिलाने के लिए उनके प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। वहीं न्यूल–छवारा क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल भी बजौरा में विधायक शौरी से मिला, जिसने क्षेत्र में बंद बस सेवा को लेकर चिंता प्रकट की। विधायक शौरी ने बजौरा व गड़सा क्षेत्र के आपदा प्रभावित परिवारों को बजौरा में राहत सामग्री वितरित की ये राहत सामग्री बन्दीछोड़ श्री श्री 1008 श्री सतगुरु ब्रह्मसागर जी महाराज भूरीवाले गुरु गद्दी परंपरा के वर्तमान गुरुगद्दी नशीन श्री सतगुरु वेदान्ताचार्य चेतनानंद जी महाराज भूरीवाले की ओर से भेजी गई

# हिमाचल में तालाबंदी के तीन साल, जनता बेहाल: बिंदल

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिन्दल ने कहा कि नाहन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की सरकार व कांग्रेस के विधायक आने के बाद से ताला बन्दी के तीन साल पूरे हो चुके हैं। काला-आम का क्षेत्र भारी भरकम कामकाज का क्षेत्र है। इलाके के विकास के लिए काला-आम में उप-तहसील खोली गई, 5 पटवार सर्कल खोले गए, पालियों, जोहड़ों, नागल सुकेती, विक्रमबाग-देवनी और आमवाला-सैनवाला सारे पटवार सर्कल व उप-तहसील इसलिए बन्द कर दिए गए क्योंकि ये भाजपा द्वारा खोले गए हैं।



कांग्रेस ने काला आम की उप तहसील पर ताला जड़ा
डा बिन्दल ने कहा कि आज हर रोज सैंकड़ों ग्रामीणों को अपने काम करवाने के लिए धक्के खाने पड़ते हैं। उप-तहसील व पटवार सर्कल बन्द करके कांग्रेस की सरकार ने काला-आम इलाके को क्या दिखा है ? खनन माफिया, खोद डाली नदियां, पहाड, तोड़ डाली सड़कें व पुल, विध्वंस कर दी सीवरेज व पेयजल योजनाएं, गंद के ढेर में तबदील कर दिया काला-आम क्षेत्र को। मोगीनंद, काला-आम, ओगली, नागल सुकेती, जोहड़ो, जाटांवाला त्रिलोकपुर की सभी सड़कों का बेड़ा गर्क कर दिया, ये तीन साल ताला बन्दी के तीन साल। स्वास्थ्य संस्थानों पर भी जड़े ताले-मरीज उपचार के लिए ठोकरें खा रहे डॉ. बिन्दल ने कहा कि सरकार आती है, अस्पताल व स्कूल खुलते हैं, नई चहल-पहल होती है परन्तु कांग्रेस की सरकार व माननीय विधायक जी ने पीएचसी व स्कूल खुलवाना तो दूर, बन्द करने का दौर चला रखा है। पंजाहल में शानदार पीएचसी बनाई थी, डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहा था, त्रिलोकपुर में पीएचसी खोली थी डॉक्टर रोगियों की सेवा कर रहा था, सैनवाला-मुबारिकपुर में पीएचसी खोली थी, डॉक्टर इलाज कर रहा था, तीनो पीएचसी पर ताले लगा दिए, आज मरीज दर-दर की ठोकरें खा रहे हें। कोई पूछने वाला नहीं है, कोई बोलने वाला नहीं है, कोई जवाब नहीं है। जनता पूछना चाहती है कि ये तीन पीएचसी व एक भारापुर की सीएचसी बन्द क्यों की गई

## पूर्व विधायक डॉ. बाबूराम गौतम के निधन से वरिष्ठ नागरिक सभा ने जताया शोक

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।** सदर विधानसभा चुनाव क्षेत्र बिलासपुर के पूर्व विधायक डॉ. बाबूराम गौतम (71) के निधन से बिलासपुर की वरिष्ठ नागरिक सभा ने शोक व्यक्त किया है। गत दिनों एम्स में चले इलाज के बाद उनके बिलासपुर स्थित निवास स्थान में लम्बी बीमारी के बाद उनका दु:खद निधन हो गया। वे 1985 में सदर विधानसभा चुनाव क्षेत्र से विधायक चुने गए व उन्होंने अपने चुनाव क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए। हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के करीब होने के कारण डॉ. गौतम लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए हर समय तैयार रहते थे। सभा के अध्यक्ष डॉ. जेएन मिश्रा व महासचिव मस्तराम वर्मा ने संयुक्त ब्यान में कहा है कि डॉ. गौतम के निधन से सभा को गहरा आघात लगा है, वे सभा के सम्मानीय सदस्य भी थे और समय समय पर सभा की सहायता भी करते थे।

# संस्कार विद्यालयों से नहीं परिवारों से मिलते हैं-साधवी ऋंतभरा

टीम एक्शन इंडिया

**बददी।** नालागढ़ के समीप खेड़ा गांव स्थित सिद्धार्था सुपर स्पिनिंग मिल्स के निकट चल रही श्रीराम कथा के पंचम दिवस कथा व्यास पद्म भूषण विभूषित, वात्सल्य मूर्ति परम पूज्या दीदी माँ साध्वी ऋतंभरा ने राम विवाह, सीता का ससुराल आना, बनवास, केवट मिलन, भरत मिलाप आदि प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा कि हमें राम का नाम ही कलियुग के संताप से बचा सकता है। इसी लिए राम के नाम को अपने हृदय मे बसा लेना चाहिए। हमारा जन्म पूर्व जन्म के कर्मों के अनुसार होता है, यदि हमें किसी सज्जन परिवार में जन्म मिला है तो समझ लेना चाहिए हमने पूर्व जन्म में कुछ पुण्य अर्जित किये होंगे। हम किसी का भी चयन कर सकते किन्तु अपने जन्म का स्थान चयन नहीं कर सकते। योग्य होना और संस्कारवान होना दोनों अलग है लोग डिग्रियां प्राप्त कर लेते किन्तु उन्हें बड़ों



बात करने का भी तरीका नहीं आता संस्कार विद्यालयों से नहीं परिवारों से मिलते हैं। योग्यता के साथ निपुणता शीलता सदाचरण का होना बहुत आवश्यक है।जब देश की तरुणाई धर्म को समर्पित हो जाती है तो वह देश खिलने लगता है। हमारा गॉव, नगर, महानगर हमारे आवास हमारा खानपान हमारा पहनावा हमारी पहचान होता है। अयोध्या की साजसज्जा लोगों का व्यवहार यह बता रहा था कि यह धर्म नगरी है। रामलला अयोध्या में विराजमान हो गये हैं अब राम राज्य परिकल्पना साकार होना चाहिए। प्रत्येक नगर अयोध्या के समान धर्मपुरी बन जाये तो भारत स्वर्ग से भी सुन्दर हो जायेगा। उन्होंने कहा व्यक्ति पर संगत बहुत प्रभाव पड़ता है जैसे बादल से निकलने वाली बूंद यदि सीप में गिरती है तो मोती बन जाती है और किसी आग के ढेर पर गिरती है तो नष्ट हो जाती है किसी व्यक्ति के बारे में जानना है तो उसकी संगत को जान लो। राम विवाह की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राम ने शिव धनुष तोडक़र सीता का वरण कर लिया किन्तु धर्म शास्त्र के अनुसार दशरथ के पास राम जान की विवाह की पाती भेजी. राजा दशरथ बारात लेकर आये चार पुत्रों के विवाह पर उनकी विनम्रता देखते बनती

# नाहन मेडिकल कॉलेज भवन शिफ्ट करना जनता से धोखा : विनय गुप्ता

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ



**नाहन।** डॉ वाई एस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन के भवन को शिफ्ट करने के मामले पर भाजपा ने आपत्ति जताते हुए सरकार पर लोगों को गुमराह करने के आरोप लगाए हैं मामले को लेकर नाहन में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनय गुप्ता मीडिया से रूबरू हुए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पिछले तीन सालों से मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य रुका पड़ा है और एक ईंट निर्माण कार्य के नाम पर सरकार नहीं लगा पाई है। वहीं अब सरकार ने 3 साल बाद मेडिकल कॉलेज भवन को शिफ्ट करने का फैसला केबिनेट में लिया है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा की मौजूदा सरकार नाहन मेडिकल कॉलेज को बंद करना चाहती है और यही कारण है कि कभी जमीन न होने का हवाला तो कभी विवादित भूमि का हवाला सरकार द्वारा दिया जा रहा है जबकि पर्याप्त मात्रा में भवन निर्माण के लिए जमीन मौजूद है और किसी भी तरह का यहां कोई विवाद नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यदि नए स्थान पर मेडिकल कॉलेज का भवन बनाया जाता है तो नियमों के मुताबिक एनओसी लेने के लिए लंबा समय लगेगा साथ ही करोड़ो रुपए के बजट को कब स्वीकृति मिलेगी यह कह पाना भी कठिन है ।
उन्होंने कहा कि इससे पहले मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण के लिए केंद्र सरकार की तरफ से 261 करोड रुपए की धनराशि दी गई है सरकारी यह भी स्पष्ट करें कि हुई है पैसा कहां खर्च किया गया ।

## नाहन केंद्रीय कारागार में कैदी की संदिग्ध मौत

एसपी जैरथ

नाहन। नाहन स्थित आदर्श केंद्रीय कारागार में सोमवार सुबह एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कुछ ही दिनों के भीतर जेल में कैदी की मौत का यह दूसरा मामला है, जिसके बाद जेल प्रशासन के भी कान खड़े हो गए हैं और हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान पिपेन्द्र (46) निवासी पौढ़ी गढ़वाल, उत्तराखंड के रूप में हुई है। पिपेंद्र एन.डी.पी.एस. के मामले में डेढ़ साल की सजा काट रहा था और उसका कारावास मार्च 2026 में खत्म होने वाला था। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 10 बजे पिपेंद्र को अचानक बैचेनी महसूस हुई और वह बेहोश हो गया। संतरी ने तत्काल इसकी सूचना हवलदार को दी, जिसके बाद जेल प्रशासन उसे तुरंत डिस्पेंसरी ले गया।

## एपीएमसी सोलन की त्रैमासिक बैठक में 23 मुद्दों पर चर्चा, खाली पदों को भरने पर जोर

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** एपीएमसी सोलन की त्रैमासिक बैठक में मंडी व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में सरकारी और गैर-सरकारी दोनों वर्गों के सदस्य शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य एपीएमसी सोलन के सुचारु संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था। एपीएमसी चेयरमैन रोशन ठाकुर ने बताया कि बैठक में कुल 23 प्रमुख मदों पर विचार-विमर्श किया गया। इनमें वित्तीय और प्रशासनिक प्रबंधन से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए। ठाकुर ने कहा कि परमाणु में बन रहे सी-स्टोर के अत्यधिक खर्च पर सदस्यों ने चिंता व्यक्त की है। सर्वसम्मति से यह सुझाव दिया गया कि एपीएमसी अपने स्तर पर इस परियोजना का पूरा खर्च वहन नहीं कर सकेगी और कुल लागत का केवल 20 प्रतिशत ही वहन किया जा सकता है। बैठक में कर्मचारी प्रबंधन को लेकर भी चर्चा हुई। रोशन ठाकुर ने बताया कि एपीएमसी सोलन के सुचारु संचालन के लिए 14 खाली पदों को शीघ्र भरने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। इनमें मंडी प्रवेशक, सहायक नीलामीकर्ता, मंडी एनालिसिस ई-नेम, डाटा एंट्री ऑपरेटर और एमटीडब्ल्यू जैसे पद शामिल हैं। सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इन पदों की भर्ती के लिए शीघ्र ही बोर्ड को प्रस्ताव भेजा जाएगा।।

## संक्षिप्त खबरें

### बरसात में टूटे गुरुद्वारा साहिब नाहन के प्रवेश द्वार के जीर्णोद्धार कार्य का विधायक सोलंकी ने किया शुभारंभ



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री दशमेश अस्थान नाहन के मुख्य प्रवेश द्वार के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ विधायक अजय सोलंकी ने किया। इस मौके पर विधायक ने प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा साहिब के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए दरबार साहिब में माथा भी टेका। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान अमृत सिंह शाह और अन्य सदस्यों ने विधायक अजय सोलंकी को सिरोपा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही विधायक के साथ आए अन्य गणमान्य व्यक्तियों को भी कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि गुरुद्वारा श्री दशमेश अस्थान नाहन साहिब एक महत्वपूर्ण धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बरसात के कारण गुरुद्वारा साहिब का मुख्य गेट टूट गया था। यह गेट अब नए और बेहतर तरीके से बनाया जा रहा है।

### हिमाचल के 'गेंदबाज़ी के जादूगर' आदित्य चौहान कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के लिए चुने गए

टीम एक्शन इंडिया
विमल ग्रोवर



**परवाणू ।** हिमाचल प्रदेश के युवा क्रिकेटर आदित्य चौहान ने एक बार फिर राज्य का मान बढ़ाया है। उन्हें प्रतिष्ठित कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी के लिए चयनित किया गया है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत करियर के लिए मील का पत्थर है, बल्कि पूरे हिमाचल के लिए गर्व का विषय बन गई है। आदित्य वर्तमान में देहरादून में होने वाले इस हाई-प्रोफाइल टूर्नामेंट की तैयारियों में जुटे हैं। एक कुशल ऑलराउंडर के रूप में पहचाने जाने वाले आदित्य पहले भी इतिहास रच चुके हैं — वे भारतीय विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम में चुने जाने वाले हिमाचल के पहले खिलाड़ी हैं। अब उनका लक्ष्य कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में बेहतरीन प्रदर्शन कर हिमाचल को चैंपियन बनाना है। अपनी चयन पर उत्साह व्यक्त करते हुए आदित्य ने कहा, यह मेरे वर्षों के समर्पण और मेहनत का परिणाम है। मेरा सपना भारत की नीली जर्सी पहनकर देश के लिए खेलने का है — और मैं यहीं नहीं रुकूंगा। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच और शिक्षकों को दिया, जिन्होंने उन्हें हर कदम पर प्रेरित किया। आदित्य की इस उपलब्धि से परवाणू और आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। परिवार, पड़ोसी और स्थानीय खेल प्रेमी उन्हें बधाई दे रहे हैं। सबको विश्वास है कि आदित्य आने वाले समय में हिमाचल का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे

# द लॉरेंस स्कूल, सनावर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया

टीम एक्शन इंडिया
विशाल वर्मा

**कसौली।** द लॉरेंस स्कूल, सनावर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की टीम ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए सतर्कता जागरूकता सत्र आयोजित किया। टीम का नेतृत्व श्री सुबोध शर्मा (उप महाप्रबंधक) ने किया। सत्र में सतर्कता अधिकारी श्री देवांग वोरा ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली। प्रधानाचार्य श्री हिम्मत सिंह ढिल्लों ने कहा कि ईमानदारी और पारदर्शिता ही सच्ची शिक्षा के आधार हैं।





Office of the
Executive Engineer
Electrical Division, HP PWD Una
Tel/Fax: +911975223484
E-mail: ee-elec-hp@nic.in
Online
*INVITATION FOR BIDS (IFB)*

The Executive Engineer, Electrical Division HPPWD, Una-174303, on behalf of the Governor of Himachal Pradesh invites the Percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in table:-

| Sr. No. | Name of work | Estimated Cost. (In Rs.) | Starting date of Downloading bid | Earnest Money (In Rs.) | Cost of Form (In Rs.) | Deadline for submission of bid | Time limit | Eligibility of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Auditorium for RadhaKrishan Govt. Medical College at HamirpurDistt. Hamirpur (HP) (SH- SITC 750 KVA DG set therein). | 93,78,090/- | 28/10/2025 up to 11.00 P.M. | 1,87,600/- | 2,000/- | 10/11/2025 up to 11.00 A.M. | One year | Specialized Job |
| 2 | Construction of Auditorium for RadhaKrishan Govt. Medical College at HamirpurDistt. Hamirpur (HP) (SH- SITC 70 KWP Solar Power Generation therein). | 40,93,600/- | 28/10/2025 up to 11.00 P.M. | 82,000/- | 2,000/- | 10/11/2025 up to 11.00 A.M. | Eighteen Months | Specialized Job |
| 3 | Construction of Auditorium for RadhaKrishan Govt. Medical College at HamirpurDistt. Hamirpur (HP) (SH- SITC CCTV Surveillance system therein) | 23,23,230/- | 28/10/2025 up to 11.00 P.M. | 46,500/- | 500/- | 10/11/2025 up to 11.00 A.M. | One year | Specialized Job |
| 4 | Annual Comprehensive Maintenance Contract (AMC) 01 Nos. 13 Passenger lift (Kone make) in the Mini Secretariat building at SujanpurDistt. Hamirpur (H.P) (For the year 2025-26) | 1,45,949/- | 28/10/2025 up to 11.00 P.M. | 2,900/- | 350/- | 10/11/2025 up to 11.00 A.M. | One year | Specialized Job |
| 5 | Providing maintenance repair and correction of various Electrical breakdown in PWD residential buildings i.e. Chief Engineer residence, S.E. residence, EE residence, type-I,II,III and IV quarters Distt. Hamirpur (HP) | 2,35,182/- | 28/10/2025 up to 11.00 P.M. | 4,700/- | 350/- | 10/11/2025 up to 11.00 A.M. | Six months | Class-D,C |
| 6 | Providing maintenance repair and correction of various Electrical breakdown in Pooled Colony i.e. type-I,II,III and IV quarters. Distt. Hamirpur (HP) | 1,81,410/- | 28/10/2025 up to 11.00 P.M. | 3,600/- | 350/- | 10/11/2025 up to 11.00 A.M. | Six months | Class-D,C |
| 7 | C/o Govt. Degree College building at DhanetaDistt. Hamirpur (H.P) (SH:- SITC of CCTV Surveillance system therein) | 9,21,420/- | 28/10/2025 up to 11.00 P.M. | 18,450/- | 350/- | 10/11/2025 up to 11.00 A.M. | Six months | Specialized Job |
| 8 | C/o Govt. Degree College Dhaneta at NadaunDistt. Hamirpur (H.P) (SH:- Providing Solar High Mast and Solar Gate light system thereof) | 6,10,960/- | 28/10/2025 up to 11.00 P.M. | 12,200/- | 350/- | 10/11/2025 up to 11.00 A.M. | Six months | Class-C,B |
| 9 | Replacement of damaged E.I. and accessories in various Govt. NR buildings i.e. Rest Houses Barsar, Bhota, TauuBharari, bhoranj, Lanjiana, Bijhari and Deotsidh under ESD Hamirpur (Barsar Section) Distt. Hamirpur (HP) | 1,65,083/- | 28/10/2025 up to 11.00 P.M. | 3,300/- | 350/- | 10/11/2025 up to 11.00 A.M. | Six months | Class-D,C |
| 10 | C/o Distt. Welfare office HamirpurDistt. Hamirpur (HP) (SH:- Providing Maintenance, repair operations, upkeep of Electrical system thereof) | 9,83,740/- | 28/10/2025 up to 11.00 P.M. | 19,700/- | 350/- | 10/11/2025 up to 11.00 A.M. | Six months | Class-C,B |

The bidders are advised to note other details of tenders from the Department website www.hptenders.gov.in . The Date of Technical bid opening10/11/2025 at 01.30 P.M.

RO No.3979/2025-2026

Executive Engineer,
Electrical Division,
HPPWD Una.



HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
E-Procurement Notice

"NOTICE INVITING TENDERS"

The Executive Engineer, Una Division HPPWD Una H.P. on behalf of Governor of H.P. invites the online bids on percentage rate, in electronic tendering system, in 2 cover system for the under mentioned works from the eligible and approved contractors/ Firms registered with HPPWD Department.

| Sr. No. | Name of work | Estimated cost | Staring date of Downloading bid | Earnest Money | Cost of tender (in Rs) | Deadline for submission of bid | Time Limit | Eligible class of contractor. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Restoration of rain damages on Bharolian Badehar Charatgarh road km.0/0 to 4/200(SH: C/O U-shape drain at RD.1/250 to 1/300) | 1,65,268/- | 01.11.2025 (9.00 AM) | 3100/- | 350/- | 06/11/2025 up to 9.00 A.M. | One month | Class-D & C |
| 2 | Restoration of rain damages of Internal road at IRB Bangarh km.0/0 to 1/600(SH: Retaining wall behind Bn Temple Mohal at RD.0/0 to 0/030)(Deposit work) | 2,91,765/- | 01.11.2025 (9.00 AM) | 5900/- | 350/- | 06/11/2025 up to 9.00 A.M. | One month | Class-D & C |
| 3 | Restoration of rain damages of internal road at IRB Bangarh km.0/0 to 1/600(Repair to Pot holes in various RD.s)(D/work) | 476501/- | 01.11.2025 (9.00 AM) | 10000/- | 350/- | 06/11/2025 up to 9.00 A.M. | One month | Class-D & C |

NOTE-The bidders are advised to note other details of tenders from the departmental website: www.hptenders.gov.in. The Date of Technical Bid opening 06.11.2025 at 11.00 A.M.

Executive Engineer
Una Division, HP: PWD, Una.
On behalf of Governor of H.P.

RO No. 4021/2025-2026


# थाना मानपुरा पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय चोरी गिरोह का भंडाफोड़

## 10 लाख के चोरीशुदा आभूषण बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** थाना मानपुरा के अंतर्गत गाँव ढेला निवासी कृष्ण कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई कि रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने उनके घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। शिकायत के आधार पर थाना मानपुरा में मामला दर्ज किया गया।
घर से सोने और चाँदी के आभूषण चोरी हुए जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 10,00,000/- है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस दल ने मौके का निरीक्षण किया और स्नस्रु टीम को बुलाकर भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए। मामले की गहराई से जांच हेतु साइबर सेल एवं ष्टष्ठ्रक्च सेल की सहायता से एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया।



SIT द्वारा अन्तर्राज्यीय चोरी गिरोहों की गतिविधियों का विश्लेषण किया गया। उपलब्ध तकनीकी व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर अपराध में शामिल गिरोह की पहचान सुनिश्चित की गई। आरोपियों की तलाश हिमाचल प्रदेश, पंजाब एवं हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर की गई। दिनांक 25.10.2025 को विशेष जांच दल की मेहनत से चोरी वारदात में शामिल गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार किए गए

1. सुरज पुत्र शाम, निवासी सरलोई, जिला अंबाला, हरियाणा (वर्तमान निवासी झुग्गी-झोपड़ी, चौक पोस्ट घनौली, पंजाब), आयु 32 वर्ष।
2. विजय कुमार उर्फ जाफी पुत्र शंकर दास, निवासी भरतगढ़, जिला रोपड़, पंजाब (वर्तमान निवासी झुग्गी-झोपड़ी, चौक पोस्ट घनौली, पंजाब), आयु 22 वर्ष।

आरोपियों की निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि चोरी किया गया सोना-चाँदी रोपड़ स्थित सुशील ज्वैलर्स दुकान पर बेचा गया था। दुकान पर दबिश देने पर लगभग 10 लाख मूल्य के सभी चोरीशुदा आभूषण बरामद किए गए।

# 'झुको-ढको-पकड़ो' व 'रुको-झुको-पलटो' का करें नियमित अभ्यास

**जागरूक**

कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आपदा के प्रति किया जागरूक



टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के सम्बद्ध कलाकारों ने आज ज़िला सोलन के विभिन्न क्षेत्रों में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को आपदा के दौरान सुरक्षा एवं बचाव के बारे में जागरूक किया।
पूजा कला मंच बाड़ीधार के कलाकारों ने अर्की बस अड्डे तथा राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुमती में नुक्कड़-नाटक के माध्यम से अवगत करवाया कि उन आपदाओं के बारे में जानिए जो पहले भी आपके क्षेत्र में हो चुकी है और जानो-माल की हानि व स्थानीय समुदाय को प्रभावित कर चुकी है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण व सरल उपाय जैसे भूकम्प के दौरान 'झुको-ढको-पकड़ो' और पहने हुए कपड़ों के आग पकड़ लेने पर 'रुको-झुको-पलटो' का नियमित अभ्यास करें। पर्वतीय लोक कला मंच कसौली के कलाकारों द्वारा धर्मपुर तथा परवाणू में गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को अवगत करवाया कि आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, परंतु पूर्वाभ्यास से जानो-माल के नुकसान को न्यून किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आपदा से बचाव के लिए घरों में प्राथमिक उपचार किट रखे ताकि आपदा के उपरांत घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार दिया जा सके। इससे बहुमूल्य जीवन को बचाने में सहुलियत होगी।
शिव शक्ति कला मंच के कलाकारों द्वारा ग्राम पंचायत दिग्गल और ग्राम पंचायत रामशहर में लोगों को आपदा से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। लोगों को अवगत करवाया गया

# मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों को लेकर किये गए आह्वान के तहत स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की शपथ दिलाई

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने आज बद्दी मेंप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों को लेकर किये गए आह्वान के तहत स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की शपथ दिलाई। संजीव कटवाल ने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' और 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' का विचार अंग्रेजों से देश की आजादी का एक प्रमुख अभियान बना था। उसके बाद महात्मा गांधी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी व अनेक महापुरुषों ने स्वदेशी के विचार को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया और समय-समय पर इस मुहिम का परिणाम भी मिला। आजादी से पूर्व वर्ष 1905 में 'बंग-भंग आंदोलन' के दौरान जब बंगाल को बांटने का प्रस्ताव रखा गया, उस समय भी हमारे क्रांतिकारी महापुरुषों ने निर्णय लिया कि ब्रिटेन से आने वाले सामान का बहिष्कार किया जाएगा। पूरे देश में इस मुहिम को समर्थन मिला, जिसके बाद अंग्रेजों को झुकना पड़ा और बंगाल के विभाजन को रद्द किया गया। समय-समय पर स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से जनता को जागरूक करने का कार्य किया गया है लेकिन इस बार यह आह्वान आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है जिनपर देश के 140 करोड़ लोगों का भरोसा है। जब नेतृत्व पर भरोसा और विश्वास होता है



## सुबाथू सहकारी सभा घोटाले की जांच में देरी पर निवेशकों का रोष, एसआईटी गठन की मांग तेज

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

सोलन। सुबाथू अर्बन गैर कृषक ऋण एवं बचत सहकारी सभा सीमित के नव निर्वाचित अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने बताया कि घोटाले की जांच में लगातार देरी से निवेशकों में गहरी नाराज़गी है। वे पिछले 43 दिनों से एआरसीएस कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं। संदीप गुप्ता ने कहा कि आज पूर्व अध्यक्ष सुशील गर्ग, पूर्व प्रबंधक अमर कश्यप और पूर्व निदेशकों की धारा 692 के तहत पेशी निर्धारित थी, जो किसी कारणवश नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही जांच का अंतिम चरण मानी जा रही थी, जिसमें दोषियों की जवाबदेही तय होनी थी और उनकी चल-अचल संपत्तियों की कुर्की प्रक्रिया शुरू की जानी थी। परंतु, एआर श्री गिरीश नड्डा के अन्य कार्य से बाहर जाने के कारण यह पेशी टल गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्यवाही इसी सप्ताह दोबारा की जाएगी। गुप्ता ने बताया कि करीब ?22 करोड़ की राशि 2,134 खाताधारकों की जगह केवल छह-सात लोगों में बांटी गई। आरोप है कि पूर्व अध्यक्ष और प्रबंधक ने यह राशि अपने रिश्तेदारों और पुत्रों में वितरित की। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों में एआरसीएस विभाग किसी प्रकार की वसूली नहीं कर पाया। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात के बाद गुप्ता और निवेशकों ने एसआईटी या विजिलेंस जांच की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि दोषियों की संपत्तियों की जब्ती और धन की बरामदगी शीघ्र सुनिश्चित की जाए

## संपादकीय

# भारत से नक्सलवाद समाप्ति की ओर

**तीन** दिन तक याचना करने के बाद भी जब समुद्र नहीं माना, तो श्रीराम को क्रोध आ गया और लक्ष्मण से बोले- बिना भय के प्रेम नहीं होता है। इसके बाद, उन्होंने समुद्र को सुखाने के लिए अग्नि बाण चलाने का निर्णय लिया और इसी के बाद समुद्र देव प्रकट हुए और क्षमा याचना की- श्रीराम के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। यहां रामकथा से जुड़े इस महत्वपूर्ण प्रसंग की चर्चा इसलिए आवश्यक प्रतीत हुई क्योंकि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र, खासकर छत्तीसगढ़, बंगाल, झारखंड, बिहार व उड़ीसा राज्य करीब पांच-छः दशकों से नक्सलियों, नक्सलवाद व अर्बन नक्सली विचारधारा से रक्तरंजित रूप से ग्रसित रहा है। इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर आखिरकार वर्तमान मोदी सरकार को इस लाल आतंक के पर्याय को आत्मसमर्पण के लिए अंतिम रूप से चेताना पड़ा,ह्लनक्सलियों के साथ कोई संघर्ष विराम नहीं होगा, केवल आत्मसमर्पण ही एकमात्र विकल्प है। अब विनय की अंतिम सीमा समाप्त हुई। लाल सलाम के नाम से लाल आतंक का पर्याय वर्षों तक भारत को भीतर से खोखला करता रहा, यह नक्सलवाद आज आखिरी सांस गिन रहा है। भारत ने आजादी के बाद जितना विकास देखा, उतना ही इस लाल आतंक ने उसे भीतर से लहूलुहान किया। जिन भोले व प्रकृति पूजक वनवासी अंचलों में कभी जनजाति गीतों की गूंज होती थी, वहां बारुद की गंध हवा में तैरने लगी। नक्सलियों ने वनवासियों से कहा कि वे उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन असल में उन्होंने उन्हीं के जीवन से मूलभूत अधिकार छीन लिये। उनके बच्चों को बंदूक थमाई, महिलाओं को ढाल बनाया। शहरों में बैठे अर्बन नक्सलियों का इसमें सबसे बड़ा हाथ रहा है। इन्हीं अर्बन नक्सलियों ने शहरों के वातानुकूलित कमरों में बैठकर नक्सली आग को हवा दी और भारत के 17% भूभाग को लाल क्रांति के नाम पर छह दशक से लहुलुहान किया। पूर्वोत्तर भारत के आंचलिक क्षेत्रों को विकास से वंचित रखा व अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का लंबे समय तक प्रयास किया। बंगाल के एक छोटे से क्षेत्र से शुरू हुआ यह लाल आतंक जैसे ही बंगाल में सत्ता में आया, नक्सलवाद वहां से गायब हो गया। इससे यही प्रतीत होता है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत में नक्सलवाद के नाम पर सत्ता हथियाने के लिए विदेशी ताकतों के सहारे नक्सली बंदूक व हिंसा के दम पर सत्ता पाना चाह रहे थे। वामपंथी समर्थकों को वनवासियों के विकास की चिंता नहीं, बल्कि अपनी विचारधारा को जीवित रखने की चिंता है। हिंसा के दम पर सत्ता व शक्ति प्राप्त करने वाली विचारधारा। नक्सलियों ने संविधान और न्यायिक व्यवस्था को निशाना बनाया, जनता अदालत चलाकर समानांतर सत्ता कायम की।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# बढ़ती हैवानियत :खून के रिश्तों में खून खराबा

मनोज कुमार अग्रवाल

> आरोपी पोर्न देखने का आदी है। पुलिस ने बताया कि माता-पिता को बड़े बेटे की करतूत के बारे में पता था और उन्होंने उसे छोटे बेटे से दूर रखने की कोशिश भी की थी। बलांगीर के एसपी अबिलाश जी ने बताया कि आरोपी ने कबूल किया है कि वह अपने छोटे भाई का शारीरिक उत्पीड़न करता था। 31 मार्च को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक पति ने बीमार बेटे के लिए दवा लाने की बात पर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। 13 मार्च को ऐसा भी मामला सामने आया जिस मां ने 9 महीने तक बच्चे को पेट में पाला, उसी मां ने पैदा होते ही अपने बच्चे की हत्या कर दी

**दिल्ली** में लव, लिव इन और धोखे वाले कांड में खौफनाक खुलासा हुआ है. पुलिस का दावा है कि लिव इन पार्टनर ने यूपीएससी स्टूडेंट का मर्डर किया. इस मामले में पुलिस ने एक लड़की और 2 लड़कों को अरेस्ट किया है. पुलिस के मुताबिक, तीनों ने मिलकर वढरउ छात्र के हत्याकांड को अंजाम दिया और इस हत्याकांड की मास्टरमाइंड अमृता चौहान फॉरेंसिक साइंस में बीएससी कर रही है. वहीं अपनी जान गंवाने वाला रामकेश मीणा दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था. आरोप है कि रामकेश के साथ अमृता मई 2025 से लिव-इन में रह रही थी, लेकिन बाद में अमृता और रामकेश अलग-अलग हो गए थे. दावा यह भी किया जा रहा है कि रामकेश के पास अमृता के अश्लील फोटो-वीडियो थे. अमृता ने कहा है कि रामकेश उन फोटो-वीडियो को डिलीट नहीं कर रहा था. इससे पहले हाल ही में हरियाणा के पंचकूला में पंजाब के पूर्व डीजीपी मुस्तफा के बेटे की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी. इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है और मनसा देवी कॉपलेक्स थाने में अकील अख्तर की हत्या का मामला दर्ज हुआ है. इस हत्याकांड में पिता मोहम्मद मुस्तफा, मां रजिया सुल्ताना, पत्नी, बहू और बेटी को आरोपी बनाया गया है.अहम बात है कि इस मामले में पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और उनकी बहू के अवैध संबंधों का दावा किया गया है. खुद अकील अख्तर ने अपने पिता और पत्नी के अवैध संबंधों का जिक्र एक वीडियो में किया था. क्या इंसानी रिश्ते अब बेहद स्वार्थ भरे लालच योन लोलुपता सेक्स और संपत्ति के आकर्षण में अंधे दौर से गुजर रहे हैं इनमें पिता पुत्र की हत्या कर रहा है विवाहिता अवैध संबंधों के चलते कोख से पैदा बच्चे पति तक के खून से हाथ रंग रहीं हैं यह कैसा दौर है जिसमें इंसानियत के नाते रिश्ते खत्म हो कर बर्बरता और खून-खराबा की ओर बढ़ रहे हैं। आपको कुछ वारदातों के जरिए माहौल से वाकिफ कराने की कोशिश करते हैं। 20 अक्टूबर को तेलंगाना के मंचेरियल जिले में रविवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक पति ने अपनी पत्नी को पुल से नीचे धक्का देकर उसकी हत्या कर दी उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था।



दो दिन पहले ही हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक नाबालिग बेटे ने अपनी मां की बेरहमी से हत्या कर दी. घटना लाडवा थाना क्षेत्र के किरमच गांव की है. मृतक महिला की पहचान 45 वर्षीय मुकेश के रूप में हुई है, जो तलाकशुदा थी और अपने घर में अकेली रह रही थी. बेटे को मां का चाल चलन पसंद नहीं था। पड़ोसी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की. हाल ही में महाराष्ट्र के पालघर जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक मां को अपने ही सात वर्षीय बेटे की हत्या और दस वर्षीय बेटी पर जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी महिला की पहचान पल्लवी धुमडे (40) के रूप में हुई है।

जिला पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख ने बताया कि मृतक बच्चे का नाम चिन्मय धुमडे है। घटना के समय उसने अपनी मां से खाने में चिकन की मांग की थी। इसी बात पर गुस्से में आकर पल्लवी ने रोटी बनाने वाले बेलन से बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। यही नहीं, उसने अपनी दस वर्षीय बेटी पर भी बेलन से हमला किया। जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई है और फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बीते दिनों राजस्थान के बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई। यहां एक युवक ने पत्नी से प्रेम संबंधों के शक में अपने ही रिश्तेदार युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं 16 सितंबर राजस्थान के चूरू जिले में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है, जहां एक देवर ने अपनी भाभी की बेरहमी से हत्या कर दी. आरोपी देवर हितेश पारीक अपनी भाभी पूनम पारीक पर गलत नजर रखता था और उनके विरोध करने पर उसने इस वारदात को अंजाम दिया.

मई माह में सोनम रघुवंशी ने शादी के 13 दिन बाद ही अपने पति की हत्या करवा दी और अब 28 दिन बाद उसकी गिरफ्तारी हुई है. इनकी शादी 11 मई को हुई थी और 8 दिन बाद 20 मई को हनीमून मनाने मेघालय के शिलांग गए थे. इसके बाद सोनम और राजा के गायब होने की खबर आई थी। 31 अगस्त को दिल्ली के रोहिणी में एक शख्स को अपनी पत्नी और सास की बेरहमी हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को अपने बेटे के जन्मदिन के दौरान परिवार के दो पक्षों के बीच हुए गिफ्ट एक्सचेंज को लेकर हुए विवाद के बाद शख्स ने अपनी पत्नी और सास की हत्या कर दी। बीती 12 अगस्त हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में धर्मशाला से सटे सुधेड़ में हुई व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारे का पता लगा लिया है। नाबालिग बेटे ने ही पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्याकांड में मृतक के नाबालिग बेटे को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को पुलिस टीम धर्मशाला ला रही है। आरोपित मां से अलग पिता के साथ रहता था। पुलिस हर पहलू को जोड़ते हुए जांच कर रही है। 13 अगस्त को उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर 10 वर्षीय बेटे की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने मामले में महिला, उसके प्रेमी फैजान और उसके साथी राशिद को गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात एक मुठभेड़ के बाद फैजान को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि उसके पैर में गोली लगी है। इसी 30 जुलाई को दिल्ली के नरेला इलाके में एक 10 वर्षीय लड़के की उसके पिता ने हत्या कर दी. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. अधिकारी ने बताया कि दिन में पहले नरेला पुलिस स्टेशन में एक बच्चे का शव मिलने की सूचना मिली थी, जिसके गले पर चोट के निशान दिखाई दे रहे थे. ओडिशा के बलांगीर जिले में 29 जून को 12 साल के लापता बच्चे के रहस्य को सुलझा लिया है। बच्चे की हत्या उसके 17 साल के बड़े भाई ने ही की थी। आरोपी लड़के ने अपने छोटे भाई का शव घर के पास ही दफन कर दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी अपने छोटे भाई का यौन उत्पीड़न करता था। आरोपी पोर्न देखने का आदी है। पुलिस ने बताया कि माता-पिता को बड़े बेटे की करतूत के बारे में पता था और उन्होंने उसे छोटे बेटे से दूर रखने की कोशिश भी की थी। बलांगीर के एसपी अबिलाश जी ने बताया कि आरोपी ने कबूल किया है कि वह अपने छोटे भाई का शारीरिक उत्पीड़न करता था। 31 मार्च को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक पति ने बीमार बेटे के लिए दवा लाने की बात पर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। 13 मार्च को ऐसा भी मामला सामने आया जिस मां ने 9 महीने तक बच्चे को पेट में पाला, उसी मां ने पैदा होते ही अपने बच्चे की हत्या कर दी. ये सुनने में हैरान कर देने वाला है।

# बढ़ता प्रदुषण- घटता स्वास्थ्य और हमारा कर्तव्य

**डॉ. अशोक कुमार वर्मा**

अभी अभी दीपावली का त्यौहार गया है और वायु प्रदूषण मनुष्य के लिए विकट होता जा रहा है। सर्वप्रथम हम दीपावली पर ही चर्चा करते हैं। सभी को पता है कि दीपावली दीयों का त्यौहार है। इसके पीछे और भी अनेक मत हैं जिनमें अमावस्या की रात्रि के कारण प्रकाश करने का भी पक्ष रखा जाता है। लेकिन सर्वसाधारण रूप से दीपावली मनाने के पीछे एक कारण श्री रामचंद्र भगवान का अयोध्या लौटना माना जाता है। यदि हम भगवान श्री रामचंद्र जी के आदर्शों की चर्चा करें तो उनका जीवन सदा जनकल्याण को समर्पित रहा है। अपने पिता के वचन की पालना के लिए सहर्ष 14 वर्ष का बनवास स्वीकार किया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र ने सदा नैतिकता को सर्वोपरि माना और जीवन में धारण किया। ऐसे में भगवान श्री रामचंद्र जी के आदर्शों का हमें सम्मान करना चाहिए। उनके आदर्शो को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। दीपावली की रात ही नहीं उससे कुछ दिन पूर्व और अब तक भी लोग पटाखे आदि जलाकर वायु प्रदूषित कर रहे हैं। इसके साथ ही ध्वनि प्रदूषण भी सामान्य जन के लिए असुविधा का कारण बना हुआ है। ये त्यौहार ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदुषण प्रदुषण के लिए नहीं बना है। यह बात लोगों की समझ में नहीं आ रही है। यही मुख्य समस्या है। मयार्दापुरुषोत्तम भगवान श्री राम चंद्र जी के जीवन का तो सार ही मयार्दा से पूर्ण और जीवों के कल्याण के लिए था न किसी को पीड़ा पहुँचाने का। कैसे मान लें कि पटाखे फोड़कर लोगों को प्रदूषित वातावरण देकर हम उनके दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं। दूसरी और यदि हम दूसरे दृष्टिकोण से देखते हैं तो जो धन हम पटाखों में व्यय करते हैं, केवल उतने ही धन को परोपकार के लिए व्यय कर दें तो जो भीतर का आनद और सुख शांति मिलेगी वह कहने सुनने से परे की बात है।

एक अन्य दृष्टिकोण से वाहनों द्वारा छोड़े गए धुंए ने भी मनुष्य के जीवन को दुष्कर कर दिया है। आज एक व्यक्ति के घर में कई कई वाहन है। जितने व्यक्ति घर में हैं उतने ही वाहन उनके पास हैं। वाहनों का धुआं, कारखानों का धुआं, निमार्णाधीन भवन और सड़कों का प्रदुषण, कूड़े करकट के ढेर में प्रतिदिन आग का लगाना, खेतों में आग यह एक सामान्य बात होकर रह गई है। प्रायः लोग इन बातों को बहुत ही हल्के में लेते हैं और यह नहीं सोचते कि ऐसे छोटे छोटे धुंए के कारण वायुमंडल और वातावरण प्रदूषित हो रहा है। अभी दिल्ली में प्रदुषण के कारण आसपास के कई किलोमीटर के क्षेत्र में लोगों में श्वांस के रोग, फेफड़ों के रोग और कैंसर जैसे भयानक रोग सामने आ रहे हैं। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए क्या करना होगा यह एक बहुत बड़ा प्रश्न है। यदि देखा जाए तो ऐसे बहुत अधिक उल्लेख सामने आ रहे हैं।

## विचार

# भारत का इस्पाती ढाँचा - अखिल भारतीय सेवाएँ और राष्ट्र निर्माण

**प्रवीण कुमार**

किसी राष्ट्र का मापदंड न केवल उसकी भौगोलिक स्थिति से होता है, बल्कि उसकी संस्थाओं की दक्षता, निष्पक्षता और लचीलेपन से भी होता है। स्वतंत्रता के बाद के भारत में, अखिल भारतीय सेवाओं (आईएएस, आईपीएस और आईएफओएस) ने प्रशासन की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य किया है, केंद्र और राज्यों के बीच सामंजस्य सुनिश्चित किया है और शासन एवं नागरिकों के बीच की खाई को पाटा है। उनका योगदान दर्शाता है कि कैसे सरदार पटेल का दृष्टिकोण एक मजबूत, एकीकृत और उत्तरदायी राष्ट्र के कामकाज का मार्गदर्शन करता रहता है।

इस्पाती ढाँचे का जन्म

सरदार पटेल ने, एक नव-स्वतंत्र राष्ट्र की नाजुकता को समझते हुए, एक पेशेवर, तटस्थ और प्रभावी सिविल सेवा पर जोर दिया। यह "इस्पातीय ढाँचा" संघ को विविध राज्यों से जोड़ेगा, नीतियों को समान रूप से लागू करेगा और आर्थिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखेगा। पटेल समझते थे कि केवल राजनीतिक एकता ही पर्याप्त नहीं है: केवल मजबूत संस्थाएँ ही सिद्धांतों को व्यावहारिक शासन में परिवर्तित कर सकती हैं, शांति बनाए रख सकती हैं और विकास को सक्षम बना सकती हैं।

प्रशासनिक सामंजस्य और स्थिरता

अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारी जिलों और राज्यों में तैनात हैं, जो नीति और जनता के बीच कार्यात्मक कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। चुनावों की देखरेख से लेकर सामाजिक कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन तक, वे कानून के शासन, समता और राष्ट्रीय एकता को कायम रखते हैं।

प्रत्येक जिले में उनकी उपस्थिति यह सुनिश्चित करती है कि शासन केवल शहरी केंद्रों तक ही सीमित न रहे, जिससे प्रत्येक नागरिक राष्ट्रीय परियोजना में हितधारक बन सके। कई क्षेत्रों में, अधिकारी आपदा प्रतिक्रिया, स्थानीय नियोजन और सामाजिक पहलों में अतिरिक्त भूमिकाएँ निभाते हैं, जो इस सशक्त ढाँचे के बहुआयामी प्रभाव को दर्शाता है।

संकट प्रबंधन और राष्ट्र निर्माण

चाहे प्राकृतिक आपदाएँ हों, नागरिक अशांति हो या महामारी, अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी निरंतरता, समन्वय और नेतृत्व प्रदान करते हैं। केंद्रीय निदेशों को स्थानीय वास्तविकताओं के साथ सामंजस्य स्थापित करने की उनकी क्षमता भारत को आंतरिक चुनौतियों का सामना करने और विविधता में एकता बनाए रखने में सक्षम बनाती है। असम में बाढ़ से लेकर गुजरात में भूकंप तक, संकटों के दौरान देश का लचीलापन, आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए समुदायों को स्थिर करने में इन अधिकारियों की अपरिहार्य भूमिका को दशार्ता है। राष्ट्रीय मूल्यों का समावेश

प्रशिक्षण, प्रशासन और नागरिकों के साथ दैनिक संपर्क के माध्यम से, अखिल भारतीय सेवाएँ साझा जिम्मेदारी और राष्ट्रीय उद्देश्य की भावना का विकास करती हैं। अधिकारी विविध समूहों के बीच मध्यस्थता करते हैं, विवादों का निपटारा करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि नीतियाँ समावेशी हों, जिससे शासन में एकीकरण और विश्वास दोनों को बल मिलता है। यह दैनिक कार्य सामाजिक समरसता को मजबूत करता है, कानून, निष्पक्षता और साझा उद्देश्य के प्रति सम्मान को बढ़ावा देता है—ऐसे मूल्य जो एक एकीकृत राष्ट्र की नींव रखते हैं।

**निष्कर्ष**

अखिल भारतीय सेवाएँ पटेल के इस विश्वास का उदाहरण हैं कि एक अखंड भारत के लिए मजबूत संस्थाएँ आवश्यक हैं। वे दृष्टि को कार्य में, नीति को व्यवहार में और विचारधारा को मूर्त राष्ट्रीय एकता में परिवर्तित करते हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस पर, राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान किसी भी राजनीतिक या सांस्कृतिक प्रयास जितना ही महत्वपूर्ण है। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि एकीकरण, निष्पक्षता और राष्ट्रीय सेवा के आदर्श देश के हर कोने में जीवित रहें।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com
एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# कर्नाटक सरकार का संघ के कार्यक्रमों पर प्रतिबंध वाला फैसला

**अजय कुमार**

**कर्नाटक स**रकार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यक्रमों पर रोक लगाने का फैसला उलटा पड़ गया है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए उसका आदेश पलट दिया है। यह फैसला कर्नाटक की राजनीति और शासन की दिशा पर बड़ा संकेत देता है। बता दें, आरएसएस के कार्यक्रमों पर रोक लगाने के कर्नाटक सरकार के आदेश को हाईकोर्ट ने आज न सिर्फ खारिज किया बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार के पास ऐसा करने का कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। जस्टिस एम. नागाप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन यह बताने में विफल रहे कि उन्हें यह अधिकार किस प्रावधान से मिला कि वे किसी संगठन को सार्वजनिक रूप से कार्यक्रम आयोजित करने से रोक दें। अदालत ने फिलहाल एक अंतरिम आदेश जारी कर इस रोक पर स्टे लगाया है और राज्य सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। मामला तब शुरू हुआ जब 18 अक्टूबर को कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर कहा था कि बिना इजाजत 10 से ज्यादा लोगों का किसी भी सार्वजनिक स्थल पर एकत्र होना अपराध माना जाएगा। साथ ही निर्देश दिया गया था कि सड़कों, पार्कों और खेल के मैदानों में यदि लोगों का समूह बिना अनुमति के इकट्ठा होता है तो पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए। इस आदेश के बाद राज्य के कई जिलों में आरएसएस की शाखा और सामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने की कोशिशें की गई थीं। प्रशासन ने तर्क दिया था कि इन कार्यक्रमों से कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है और संभावित विवादों को रोकने के लिए यह कदम जरूरी था। आरएसएस और उससे जुड़े कार्यकताओं ने इस आदेश को पूर्णतः भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे अदालत में चुनौती दी। उनका कहना था कि यह कदम केवल एक विचारधारा को दबाने की मंशा से उठाया गया है। आरएसएस की दलील थी कि वे पिछले सात दशक से सामाजिक, शैक्षणिक और राष्ट्रीय एकता के कार्यक्रम आयोजित करते आए हैं।

# आखिर विज्ञान ने माना-अच्छी सेहत की दवा हे प्रकृति से जुड़ाव

आज के आधुनिक विलासिता के इस युग में मानव जितना हाईटेक होता जा रहा हे उतना ही अधिक मानसिक तनाव और बीमारियों से ग्रसित भी होता जा रहा हे ! आज की भागम भाग भरी जिन्दगी में अपनी जिम्मेदारियों की वजह से बड़े बुजुर्ग लोगो का तनाव ग्रस्त और बीमार होने की वजह बनती भी हे लेकिन आज छोटे छोटे बच्चे भी जिन पर जीवन की कोई जिम्मेदारी नही हे वह भी तनाव ग्रस्त नजर आकर असमय कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के शिकार होने लगे हे ! यह समस्या भारत या किसी एक देश की नही हे बल्कि यह विश्वव्यापी समस्या बनती जा रही हे ! आज दुनिया के किसी भी देश में देख लीजिये आपको सर्वाधिक मरीज जीवन जीने की सब कुछ सुविधा होने के बाद भी मानसिक तनाव लिए ही मिलेंगे जिसका सबसे प्रमुख कारण लोगों को नींद नही आना हे ! आधुनिकता के इस युग में जब से मोबाइल की हाईटेक टेक्नालाजी ने जब से प्रवेश किया हे भारत क्या दुनिया भर के देशों में शारीरिक आराम के लिए मनुष्य की आखो से रातो की नींद को इस कदर गायब कर दिया हे कि आज के युग में आदमी दो घड़ी चेन की नींद के लिए तडफता दिखाई देता हे ! आज दुनिया में बच्चे, युवा और बुजुर्ग जिसे देखो उसे सभी को रात दिन अपने ही मोबाइल में खोया हुआ पायेगे ! बेशक मानव के जीवन में मोबाइल टेकनालजी क्या आई उसकी जीवन जीने की दिनचर्या ही बिलकुल बदल गई हे ! एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए रात्रि की आठ घंटे की नींद होना बेहद जरूरी हे लेकिन भारत सहित दुनियाभर में कितने ऐसे लोग मिलेंगे जो रात्रि की आठ घंटे की सुकुन भरी नींद पूरी करके सूर्योदय से पूर्व उठ जाते हे आज लोगों ने अपनी दिनचर्या खुद बदली हे जिसकी वजह से युवावस्था में ही वह मरीज सा बनता जा रहा है।

यह न केवल हमारे हिंदुस्तान की बात हे बल्कि दुनिया के बड़े बड़े देशो में आलम यह हे कि न केवल युवापीढ़ी बल्कि उनके माता पिता भी रात्रि के आखरी पहर में जाकर मोबाईल को इसलिए बंद कर सोने की कोशिश करते हे कि सुबह उन्हें समय पर अपने काम पर जाना होता है।

## हाइलो ओपन सुपर 500: भारतीय शटलरों को मिला कठिन ड्रॉ, पहले राउंड में होंगे कड़े मुकाबले

एजेंसी

**सारब्रुकेन (जर्मनी)।** 4,75,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय शटलरों को मुश्किल ड्रॉ का सामना करना पड़ेगा। शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ युवा खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे, लेकिन पहले दौर से ही उन्हें कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। पुरुष एकल वर्ग में 2021 विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन, जिन्होंने हाल ही में हांगकांग ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी, का मुकाबला फ्रांस के पांचवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव से होगा। वहीं यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी का सामना डेनमार्क के विक्टर लाई से होगा। पूर्व विश्व नंबर-1 किदांबी श्रीकांत, जिन्होंने इस साल मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई थी, को पहले ही दौर में हमवतन किरण जॉर्ज से भिड़ना होगा। इसके अलावा एस. शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम का सामना मलेशिया के लियोंग जुन हाओ से होगा, जबकि थरुण मानेपल्ली, जो हाल ही में मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, दूसरे वरीय इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे। महिला एकल वर्ग में अन्मोल खर्ब, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में आर्कटिक ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी, का सामना डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन से होगा।

## पीकेएल-12 (क्वालीफायर-1) : फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी दिल्ली

**नई दिल्ली।** दबंग दिल्ली प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन की पहली फाइनलिस्ट टीम बन गई है। त्यागराज इंडोर स्टेडियम में सोमवार रात खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के क्वालीफायर-1 मुकाबले में दिल्ली ने टाईब्रेकर में पुनेरी पल्टन को 6-4 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। निर्धारित समय तक मुकाबला 34-34 से बराबर रहने के बाद फैसला टाईब्रेकर से हुआ। इस सीजन में इन दो टीमों के बीच यह तीसरा टाईब्रेकर था, जिसमें दिल्ली ने दो बार बाजी मारी। निर्धारित समय के खेल की बात की जाए तो दिल्ली ने रेड और डिफेंस से दो-दो अंक लेकर पांच मिनट में ही 4-1 की लीड ले ली। इस बीच डू ओर डाई रेड पर डिफेंस ने पंकज को लपक लिया लेकिन पल्टन के डिफेंस ने आशु को लपक लिया लेकिन इस दौरान पल्टन के दो डिफेंडर भी सेल्फ आउट हुए। इस रेड पर दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले और पल्टन के लिए सुपर टैकल आन हो गया। ब्रेक के बाद दिल्ली के डिफेंस ने आदित्य को लपक पल्टन के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। आशू की रेड पर विशाल सेल्फ आउट हुए और पल्टन दो खिलाड़ियों तक सीमित हुए। फिर आशू ने एक ही रेड में आलआउट लेकर दिल्ली को 13-6 से आगे कर दिया। आलइन के बाद आदित्य ने आशु को बाहर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। फिर पंकज ने सौरव और फजल को बाहर कर स्कोर 11-15 कर दिल्ली को बैकफुट पर ला दिया। पल्टन ने यहां आलआउट लेकर शानदार वापसी की।

## एशिया ट्रायथलॉन जूनियर एवं अंडर-23 चैंपियनशिप के लिए एमपी के चार खिलाड़ियों का चयन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य ट्रायथलॉन अकादमी भोपाल के चार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन एशिया ट्रायथलॉन जूनियर एवं अंडर-23 चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इनमें आद्यया सिंह, दुर्विसा पवार, रोशन गोंड और अभिषेक मॉडनवाल शामिल हैं। यह प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक अरब देश जॉर्डन के अकाबा में आयोजित की जा रही है। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे मप्र अकादमी के चारों खिलाड़ी सोमवार को अपने मुख्य कोच कैप्टन मनोज कुमार झा के नेतृत्व में जॉर्डन के लिए रवाना हुए। खेल विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, एशिया ट्रायथलॉन जूनियर एवं अंडर-23 चैंपियनशिप एशियाई महाद्वीप की प्रतिष्ठित स्पर्धाओं में से एक है, जिसमें एशिया के विभिन्न देशों के श्रेष्ठ ट्रायथलीट्स भाग लेते हैं। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए न केवल अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर है।

## अंडर-16 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भानु प्रताप क्लब को मिली जीत

**प्रयागराज।** भानु प्रताप सिंह क्लब ने शिवपुर क्लब वाराणसी को 20 रन से हराकर सैयद असद कासिम स्मृति अंडर-16 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। दौलत हुसैन मैदान पर खेले गए मैच में भानु प्रताप क्लब ने 35 ओवर में 9 विकेट पर 243 रन (शिवम पटवा 63, अंकुर यादव 37, शिव गौतम 30, प्रियांशु 28, सुमित सिंह 20, मुकर्रम रजा 3-33, शिवम यादव 2-46, शुभम यादव, तेजस सिंह व रोहित पटेल एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में शिवपुर क्लब की टीम 35 ओवर में 9 विकेट पर 223 रन (मुकर्रम रजा 74, रोहित पटेल 41 नाबाद, रुद्रांश सिंह 24, अथर्व सिंह 20, दिव्यांश यादव 2-12, अंशुमान 2-18, शिवम पटवा, सनातन राय व प्रियांशु एक-एक विकेट) ही बना सकी। शिवम पटवा को पूर्व क्रिकेटर फरासत उल्ला ने मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व मोहम्मद नबी अम्पायर एवं खुर्शीद अहमद व आशीष भारतीय स्कोरर रहे।



# कैनबरा में भारत की पहली टी20 परीक्षा, बुमराह समेत इन खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

एजेंसी

**कैनबरा:** क्रिकेट, जो हमेशा अपनी अनिश्चितताओं के लिए जाना जाता है, एक बार फिर संयम और समय की परीक्षा लेने को तैयार है। टी20 वर्चस्व के शिखर पर खड़ा भारत केवल एक मैच खेलने नहीं, बल्कि बीते एक साल के अजेय आत्मविश्वास की रक्षा के लिए कैनबरा पहुंचा है। आंकड़े भारत की ताकत को बयान करते हैं। एशिया कप में अजेय अभियान, टी20 विश्व चैंपियन का ताज, और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले छह में से पांच मुकाबलों में जीत। लेकिन अब कहानी एक नई पिच पर शुरू होती है, कैनबरा के ठंडे आसमान और स्विंग लेती गेंदों के बीच, जहां मेजबान टीम की पुरानी धुन गूंजती है,'हम घर पर नहीं हारते।'सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में आत्मविश्वासी और निडर स्वभाव के प्रतीक इन



खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें: अभिषेक शर्मा, जिनकी कलाई में बगावत की लय है, तिलक वर्मा, जो शांत अवज्ञा से बल्लेबाजी करते हैं और शुभमन गिल, जो टेस्ट के कवि से टी20 के पावर-हिटर बन चुके हैं। फिर आते हैं जसप्रीत बुमराह। भारत के 'शांत वज्र', जिन्होंने तेज गेंदबाज़ी की परिभाषा को सटीकता और सौंदर्य से फिर से गढ़ा है। उनके साथ युवा गेंदबाज़ अर्शदीप सिंह पर भी सबकी निगाहें टिकी होंगी। अर्शदीप ने हाल के महीनों में नई गेंद और डेथ ओवरों में शानदार नियंत्रण दिखाया है। अगर दोनों तेज गेंदबाज अपनी लय पा लें, तो ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों के लिए यह शाम लंबी साबित हो सकती है।दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया परिचित ताकत और रणनीतिक असमंजस के बीच खड़ा है। मिचेल मार्श नेतृत्व के बोझ और ताकत दोनों को ढो रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड, मार्कस स्टोइनिस, और टिम डेविड जैसे पावर-हिटर्स टीम में जोश भरते हैं। मगर एडम जम्पा की अनुपस्थिति उनकी स्पिन आक्रमण को अधूरा बनाती है।मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 1:45 बजे शुरू होगा। कैनबरा में कल से शुरू हो रही यह श्रृंखला केवल रन और विकेट का नहीं, बल्कि नियंत्रण और स्वतंत्रता के बीच की मानसिक जंग का भी प्रतीक होगी।

## घुटने की चोट के कारण दो महीने मैदान से दूर रहेंगे रियल मैड्रिड के डिफेंडर कार्वाहल

एजेंसी

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड की एफसी बार्सिलोना पर 2-1 की जीत टीम के लिए महंगी साबित हुई है। क्लब ने जानकारी दी कि टीम के कप्तान और डिफेंडर डैनी कार्वाहल को घुटने में गंभीर चोट लगी है। रियल मैड्रिड की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, हमारे कप्तान डैनी कार्वाहल पर किए गए चिकित्सीय परीक्षणों में उनके दाहिने घुटने के जोड़ में एक ढीला टुकड़ा पाया गया है। क्लब ने आगे बताया कि अब कार्वाहल की



आथ्रीस्कोपी सर्जरी की जाएगी। यह चोट उन्हें लगभग दो महीने तक मैदान से दूर रखेगी, यानी वे 2026 की शुरुआत तक टीम से बाहर रह सकते हैं। स्पेनिश अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कार्वाहल हाल ही में एक महीने की मांसपेशीय चोट से उबरकर एल क्लासिको मुकाबले में दूसरे हाफ में बतौर सब्स्टीट्यूट लौटे थे। 33 वर्षीय कार्वाहल ने 2024-25 सीज़न का अधिकांश हिस्सा घुटने के लिगामेंट फटने की वजह से गंवाया था और मौजूदा सीज़न की शुरुआत में ही मैदान पर वापसी की थी, जहाँ वे नए खिलाड़ी ट्रेंट एलेक्ज़ेंडर-अर्नोल्ड के साथ राइट बैक पोजीशन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि एलेक्ज़ेंडर-अर्नोल्ड भी हाल ही में मांसपेशीय चोट से लौटे हैं, जिसके चलते कोच जाबी अलोंसो ने कुछ मैचों में उरुग्वे के मिडफील्डर फेडे वाल्वेर्डे को डिफेंस के दाहिने हिस्से में उतारा था।

## विराट-रोहित के आलोचकों पर भड़के एबी डिविलियर्स, बोले- कॉकरोच बिलों से निकलकर बोलने लगते हैं

एजेंसी

**सिडनी:** भारत के दो महान बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा हाल के दिनों में आलोचकों के निशाने पर रहे हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी वनडे में दोनों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया। रोहित ने दूसरे वनडे में अर्धशतक के बाद तीसरे मुकाबले में शतक ठोका, जबकि कोहली ने शुरुआती दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद नाबाद 74 रन की बेहतरीन पारी खेली। इसी बीच, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने सोशल मीडिया पर कोहली और रोहित का समर्थन करते हुए उनके आलोचकों पर जमकर निशाना साधा। डिविलियर्स ने कहा, मुझे समझ नहीं आता कि लोग–या कहूं तो ये 'कॉकरोच'–क्यों अपने बिलों से निकलकर ऐसे खिलाड़ियों पर निशाना साधते हैं, जिन्होंने अपने देश और क्रिकेट के लिए जीवन समर्पित कर दिया है। यह समय उन्हें नीचा दिखाने का नहीं, बल्कि उनका सम्मान करने का है। उन्होंने आगे कहा कि कोहली और रोहित जैसे



दिग्गजों ने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, फिर भी कुछ लोग लगातार नकारात्मकता फैलाने में लगे रहते हैं। डिविलियर्स ने कहा, ÷वो दोनों पिछले कुछ महीनों से आलोचना झेल रहे हैं। मुझे समझ नहीं आता कि लोग उन्हें नीचे खींचने की कोशिश क्यों करते हैं। हालांकि, यह अल्पसंख्यक समूह है – क्योंकि ज्यादातर लोग विराट और रोहित की अद्भुत करियर उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं।सिडनी वनडे में दोनों वरिष्ठ बल्लेबाजों ने बल्ले से दमदार प्रदर्शन करते हुए न केवल भारत को जीत दिलाई, बल्कि अपने आलोचकों को भी चुप कराया। इस प्रदर्शन के बाद चयनकर्ताओं ने दोनों के कम से कम दक्षिण अफ्रीका सीरीज तक वनडे भविष्य को सुरक्षित माना है।

## तुर्की की फुटबॉल लीग के सैकड़ों रेफरी सट्टेबाजी की जांच के घेरे में

एजेंसी

**अंकारा :** तुर्की फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष इब्राहिम हासियोसमानोग्लू ने कहा कि तुर्की की पेशेवर फुटबॉल लीग में काम करने वाले सैकड़ों रेफरी सट्टेबाजी की गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं। इस्तांबुल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में हासियोसमानोग्लू ने कहा कि उन्हें दंड के लिए अनुशासन समिति के पास भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसियों के आंकड़ों से समर्थित एक आंतरिक जांच से पता चला है कि 571 सक्रिय रेफरियों में से 371 के पास सट्टेबाजी के खाते थे। उन्होंने आगे कहा, राज्य संस्थानों से प्राप्त आंकड़ों और हमारी पेशेवर टीम के काम के अनुसार यह पाया गया कि पेशेवर लीगों में 571 सक्रिय रेफरी में से 371 के पास सट्टेबाजी खाते हैं। इनमें से 152 सक्रिय रूप से सट्टेबाजी करते पाए गए। इस सूची में सात शीर्ष-श्रेणी के रेफरी, 15 शीर्ष-श्रेणी के सहायक रेफरी, 36 उच्च-श्रेणी के रेफरी और 94 उच्च-श्रेणी के सहायक रेफरी शामिल हैं। हसिओसमानोग्लू ने कहा कि 10 रेफरी ने 10,000 से ज्यादा दांव लगाए, एक रेफरी ने अकेले 18,227 दांव लगाए, और 42 रेफरी ने 1,000 से ज्यादा फुटबॉल मैचों पर



दांव लगाया। हालांकि कुछ रेफरी केवल एक बार ही दांव लगाते पाए गए। उन्होंने कहा, आज से हमारा अनुशासन बोर्ड आवश्यक कार्रवाई करेगा। उन्हें जल्द ही बोर्ड के पास भेजा जाएगा और हमारे नियमों के अनुसार दंडित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महासंघ ने अपने निष्कर्षों को फीफा और यूईएफए के साथ साझा किया है। टीएफएफ अध्यक्ष ने बताया कि समीक्षा में रेफरी से आगे बढ़कर महासंघ के सदस्यों को भी शामिल किया गया। उन्होंने कहा, हमने रेफरी से शुरुआत की, जिनमें मैं और मेरे बोर्ड के सदस्य शामिल हैं। उन्होंने फुटबॉल क्लबों से भी ऐसा ही करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, जैसे हम अपने घर की सफाई कर रहे हैं, वैसे ही क्लब अध्यक्षों को भी खुद से, अपने बोर्ड और अपने खिलाड़ियों से शुरुआत करनी चाहिए और परिणामों को पारदर्शी तरीके से जनता के साथ साझा करना चाहिए।उन्होंने आगे कहा, अगर ऐसा नहीं होता है, तो हम संबंधित राज्य निकायों के साथ काम करना जारी रखेंगे और अपने निष्कर्षों को सार्वजनिक करेंगे। हालांकि तुर्की में एक ही राज्य द्वारा संचालित प्रणाली के तहत खेलों पर सट्टा लगाना कानूनी है, लेकिन रेफरी, खिलाड़ियों और अधिकारियों को किसी भी फुटबॉल मैच पर सट्टा लगाने की सख्त मनाही है।

## महिला विश्व कप, सेमीफाइनल: इंग्लैंड के स्पिन आक्रमण के सामने रन बरसाने को तैयार अफ्रीकी बल्लेबाज

एजेंसी

**गुवाहाटी:** महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की टीम बुधवार को चार बार की चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगी। लीग चरण में करीबी जीतों के सहारे अंतिम चार में जगह बनाने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम को अगर इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम को कड़ी टक्कर देनी है, तो उसके बल्लेबाजों को स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन दिखाना होगा।

दक्षिण अफ्रीका को लीग में दो हार का सामना करना पड़ा था, और दोनों बार उसकी बल्लेबाजी स्पिन के सामने ढह गई थी। शुरुआती मैच में केवल 69 रन पर सिमटने के बाद टीम ने शानदार वापसी की और न्यूजीलैंड, भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ करीबी जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम लीग मैच में फिर से वही कमजोरी दिखी जब टीम 24



ओवरों में केवल 97 रन पर ढेर हो गई। इंग्लैंड इस कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगा और अपनी स्पिन तिकड़ी – सोफी एक्लेस्टोन, लिंसे स्मिथ और चार्ली डीन – के सहारे विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाने का प्रयास करेगा। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल को नई गेंद से शुरुआती सफलता दिलानी होगी, जबकि एलिस कैप्सी भी इस समय शानदार लय में हैं और टूर्नामेंट में अब तक पांच विकेट ले चुकी हैं।

गुवाहाटी में बारिश की संभावना भी बनी हुई है, जिससे दोनों टीमें मौसम पर भी नज़र रखेंगी।

**टीमें:**

**इंग्लैंड:** नैट स्किवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, एम्मा लैम्ब, लिन्सी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज।

**दक्षिण अफ्रीका:** लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तज़मिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसन, सिनालो जाफ्ता, मारिज़ान काप, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, कराबो मेसो, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, नोंडुमिसो टंगारियोन।

## जसप्रीत बुमराह के पास इतिहास रचने का मौका, रिकॉर्ड तोड़ने से मात्र तीन विकेट दूर



एजेंसी

**कैनबरा :** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने के कगार पर हैं। बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज बनने के लिए अब सिर्फ तीन विकेट की जरूरत है। फिलहाल यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर सईद अजमल के नाम है, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 मैचों में 19 विकेट लिए थे, औसत 14.26 के साथ। बुमराह ने अब तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 विकेट झटके हैं और इस सूची में उनके साथ पाकिस्तान के मोहम्मद आमिर, न्यूज़ीलैंड के मिशेल सैंटनर और ईश सोढ़ी भी शामिल हैं।

**टीम इंडिया के लिए बड़ी उम्मीदें**

तीन वनडे मैचों की सीरीज से आराम मिलने के बाद बुमराह अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मुकाबलों में लौटने जा रहे हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने संकेत दिए हैं कि बुमराह पावरप्ले ओवर्स में भी गेंदबाज़ी करेंगे, जैसा कि उन्होंने एशिया कप 2025 में किया था।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 में पावरप्ले अहम, ये खिलाड़ी उपयोगी साबित होगा : सूर्यकुमार यादव

एजेंसी

**कैनबरा :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में पावरप्ले के ओवर काफी महत्वपूर्ण होंगे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी से मैच के इस समय में उनकी टीम की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। सूर्यकुमार ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली के सामने बुमराह का होना हमेशा से उनकी टीम के लिए फायदेमंद रहा है। सूर्यकुमार ने श्रृंखला से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'पावर प्ले में गेंदबाजी करना हमेशा चुनौती होती है। हमने देखा है कि वे (ऑस्ट्रेलिया) वनडे श्रृंखला और टी20 विश्व कप में किस तरह



से खेले। पावर प्ले हमेशा महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, 'आपने एशिया कप में देखा होगा कि उन्होंने (बुमराह ने) पावर प्ले में कम से कम दो ओवर गेंदबाजी करने कीजिम्मेदारी ली थी, इसलिए हमारे लिए यह अच्छी बात है कि वह जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ निश्चित रूप से पावर प्ले में गेंदबाजी करना अच्छी चुनौती होगी। बुमराह ऑस्ट्रेलिया में खेलने के मामले में भारतीय टी20 टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं और सूर्यकुमार ने कहा कि उनका मुख्य तेज गेंदबाज जानता है कि इस तरह की श्रृंखला के लिए किस तरह से तैयारी करनी होती है। उन्होंने कहा, 'जिस तरह से उन्होंने (बुमराह ने) पिछले कई वर्षों से क्रिकेट खेला है, उन्होंने खुद को शीर्ष पर बनाए रखा है और वह जानते हैं कि एक अच्छी श्रृंखला के लिए कैसे तैयारी करनी है, वह जानते हैं कि यहां कैसे क्रिकेट खेलना है। सूर्यकुमार ने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने सभी खिलाड़ियों में से इस देश का सबसे ज्यादा बार दौरा किया है, इसलिए सभी खिलाड़ियों ने उनसे बात की है। वह काफी मददगार हैं। उनका हमारी टीम में होना हमारे लिए अच्छी बात है।

## लियोनेल मेसी ने तोड़ी चुप्पी, फीफा वर्ल्ड कप खेलने को लेकर कही बड़ी बात

एजेंसी

**ब्यूनस आयर्स :**अर्जेंटीना को 2022 फीफा विश्व कप का खिताब दिलाने वाले दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अगले साल होने वाले 2026 विश्व कप को लेकर बड़ा बयान दिया है। मेसी ने कहा कि वह एक बार फिर अर्जेंटीना के लिए विश्व कप खेलना चाहते हैं, लेकिन अंतिम फैसला वह अपनी शारीरिक स्थिति को देखकर लेंगे। 38 वर्षीय मेसी वर्तमान में एमएलएस क्लब इंटर मियामी के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने एनबीसी न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में कहा, विश्व कप खेलना किसी भी खिलाड़ी के लिए असाधारण अनुभव होता है और मैं जरूर खेलना चाहूंगा। लेकिन मैं अगले साल प्री-सीजन शुरू होने पर देखूंगा कि मेरा शरीर कितना साथ देता है। अगर मैं टीम के लिए 100 फीसदी उपयोगी रह सकता हूं, तभी खेलने का फैसला करूंगा। उन्होंने कहा, हम पिछला विश्व कप जीत चुके हैं, और उसे फिर से मैदान पर डिफेंड करना शानदार होगा। राष्ट्रीय टीम के साथ खेलना हमेशा एक सपना रहा है, खासकर विश्व कप जैसी प्रतियोगिता में। मेसी ने 2004 में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की थी। बार्सिलोना से 17 वर्ष की उम्र में पदार्पण करने के बाद, उन्होंने पीएसजी (पेरिस सेंट-जर्मेन) के लिए खेला और 2023 में इंटर मियामी से जुड़े। फ्लोरिडा में अपने जीवन को लेकर उन्होंने कहा,



मुझे मियामी में रहना पसंद है। बार्सिलोना हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा, लेकिन यहां का माहौल शांतिपूर्ण है, बच्चे यहां खुलकर जी सकते हैं और हमें जीवन का आनंद लेने का मौका मिलता है। मेसी अब तक अर्जेंटीना के लिए 195 अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 114 गोल दागे हैं।

## पीकेएल-12 (एलिमिनेटर-2): पटना पाइरेट्स ने बेंगलुरू बुल्स को हराया, एलिमिनेटर-3 में तेलुगू टाइटंस से भिड़ंत तय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के एलिमिनेटर-2 मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेंगलुरू बुल्स को 46-37 से मात दी। इस जीत के साथ पटना ने लगातार आठवीं जीत दर्ज करते हुए एलिमिनेटर-3 में जगह बना ली, जहां उसका मुकाबला तेलुगू टाइटंस से होगा। त्यागराज इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में पटना के स्टार रेडर अयान (19 अंक) ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं, नवदीप और दीपक ने डिफेंस में बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए हाई-5 पूरा किया। बेंगलुरू बुल्स की ओर से सुपर-सब शुभम बिटाके ने इतिहास रचते हुए एक ही रेड में सात अंक (1 बोनस, 6 टच प्वाइंट) हासिल किए और टीम को एक समय पटना को आलआउट कर वापसी की राह पर ला दिया। हालांकि, कप्तान अलीरेजा मीरजाइन (6 अंक) अपनी लय नहीं पकड़ सके और बुल्स को अंततः टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। पटना ने शुरुआत से ही मुकाबले पर नियंत्रण बना लिया था। शुरुआती पांच मिनट में ही बुल्स को आलआउट कर 9-3 की बढ़त ले ली। अयान की लगातार रेड और दीपक की मजबूत टैकलिंग से टीम ने स्कोर 15-5 कर लिया। ब्रेक से पहले अयान की मल्टीप्वाइंटर रेड ने पटना को 23-12 की मजबूत बढ़त दिलाई, जबकि हाफटाइम तक यह बढ़त 14 अंकों की हो गई।

# टी20 सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने बताया गेम प्लान

एजेंसी

**कैनबरा :** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श का मानना है कि उनकी टीम की 'आक्रामक बैटिंग रणनीति' हमेशा सफल नहीं हो सकती, लेकिन यह वही रास्ता है जो उन्हें अगले साल होने वाले ञ्20 वर्ल्ड कप 2026 में जीत तक ले जा सकता है। भारत और श्रीलंका में होने वाले इस टूर्नामेंट की तैयारी के तहत ऑस्ट्रेलिया बुधवार से भारत के खिलाफ पांच मैचों की ञ्20 सीरीज़ खेलेगा। मार्श ने साफ कहा कि टीम अपने अटैकिंग अप्रोच को बनाए रखेगी, भले ही बीच-बीच में असफलताएं क्यों न झेलनी पड़ें।

**लगातार दो विश्व कप में चूके ऑस्ट्रेलियाई**

मार्श ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया ने 2022 और 2024 के पिछले दो विश्व कप एडिशन में निराशाजनक प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा, ÷हमने दो वर्ल्ड कप खेले, लेकिन हम उतना अच्छा नहीं कर पाए जितनी उम्मीद थी। अब हम एक टीम के तौर पर खुद को यह चुनौती दे रहे हैं कि आखिर हमें क्या बदलाव करने होंगे ताकि हम फिर से खिताब जीत सकें।' उन्होंने बताया कि टीम ने पिछले कुछ सालों में 'आक्रामक बैटिंग अप्रोच' अपनाई है और यह उनके नए क्रिकेट कल्चर का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि भारत में होने वाला वर्ल्ड कप हाई-स्कोरिंग होगा, और ऐसे हालात में हमें बिना झिझक आक्रामक क्रिकेट खेलनी होगी। हर मैच परफेक्ट नहीं होगा, लेकिन हमें अपने प्लान पर टिके रहना है।'

**भारत से भिड़ंत : 'दो बेहतरीन टीमों की जंग'**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली पांच मैचों की सीरीज़ को लेकर मार्श ने इसे 'रोमांचक मुकाबला' बताया। उन्होंने कहा, 'भारत एक शानदार टीम है, जिसके लिए हमारे मन में गहरा सम्मान है। यह सीरीज़ दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक होगी क्योंकि दोनों टीमों के पास मैच विनर्स हैं।'

मार्श ने यह भी कहा कि वह भारत की वर्ल्ड कप तैयारियों पर कमेंट नहीं करेंगे, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम के भीतर जो आत्मविश्वास है, वह उन्हें मजबूत बना रहा है। उन्होंने कहा,'हमारे पास अब भी आठ मैच बाकी हैं वर्ल्ड कप से पहले, और हम लगातार सही दिशा में बढ़ रहे हैं।'

कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी IPL में नियमित रूप से खेलते हैं, जिनमें खुद मार्श भी शामिल हैं। लेकिन उन्होंने माना कि भारतीय खिलाड़ियों को नज़दीक से जानना इस सीरीज़ को आसान नहीं बनाएगा। उन्होंने कहा, 'अब तो दुनिया भर के क्रिकेटरों के पास हर किसी का फुटेज होता है। असली चुनौती यह नहीं कि आप सामने वाले को जानते हैं या नहीं बल्कि यह है कि आप दबाव में कितना बेहतर खेल पाते हैं।' मार्श ने भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, 'वह शानदार फॉर्म में हैं। एशिया कप में उन्होंने 44.85 की औसत और 200 के स्ट्राइक रेट से 314 रन बनाए। वह टीम के लिए टोन सेट करते हैं और हमारे लिए एक बड़ा चैलेंज होंगे। आप हमेशा बेस्ट खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना चाहते हैं – और वह निश्चित रूप से उनमें से एक हैं। मार्श ने बताया कि इस सीरीज़ में कई खिलाड़ी रोटेशन में रहेंगे, क्योंकि कुछ खिलाड़ी शील्ड क्रिकेट और घरेलू सीरीज़ में व्यस्त हैं। लेग-स्पिनर एडम ज़म्पा अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण शुरुआती मैचों में नहीं खेलेंगे, जबकि जोश हेज़लवुड पहले दो मैचों के बाद हट जाएंगे और सीन एबॉट तीसरे मैच के बाद टीम से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने कहा, हमारे खिलाड़ियों का आना-जाना जारी रहेगा, लेकिन यह आधुनिक क्रिकेट का हिस्सा है। हर कोई अपनी भूमिका जानता है और टीम में आते ही उसे निभाने के लिए तैयार रहता है।

# विक्रमादित्य सिंह ने ओगली में किये 40 करोड़ की परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास

**जाल**

» शिमला ग्रामीण विस क्षेत्र में 200 करोड़ से बिछ रहा सड़कों का जाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान ओगली पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में करोड़ों रुपए की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किए।

यहां पर आयोजित जनसभा और महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि विकास कार्य किसी एक व्यक्ति के नहीं बल्कि सभी के सहयोग से होते हैं। उन्होंने कहा कि सिराज क्षेत्र में जिन लक्ष्य को लेकर हम ढाई साल पहले आए थे, उन लक्ष्यों को 90 फीसदी तक हासिल करने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।

आज करीब 40 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण यहां पर किए। हमारी प्राथमिकता रहती है कि गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछाया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र मुख्यधारा के साथ जुड़कर विकास की ओर अग्रसर रहे। उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य है कि इस क्षेत्र में महिलाओं की आय दोगुनी करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएं। इसी कड़ी में जलोग में मिल्क कलेक्शन सेंटर की स्थापना को लेकर हम तीव्र गति से कार्य कर रहे हैं। दुग्ध सहकारी समितियां का गठन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण के तहत 200 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। अगले 2 साल के अंदर सभी सड़कें बन कर तैयार हो जाएंगी।

उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण क्षेत्र के हर गांव में मूलभूत सुविधाओं को मुहैया करवाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जो महिला मंडल इस महिला सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंची है, हर महिला मंडल को 5000-5000 रुपए विधायक निधि से दिए जाएंगे। सिराज क्षेत्र की आठ ग्राम पंचायतों के लिए उठाऊ पेयजल योजना पनदोआ खड्ड से केल बागड़ी का लोकार्पण कैबिनेट मंत्री ने किया। 19 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से पेयजल योजना बन कर तैयार हुई है। इस योजना से आठ पंचायतों के लोगों को सुविधा मिलेगी।

### योजना से प्रति दिन प्रति व्यक्ति 70 लीटर पानी मुहैया करवाने का लक्ष्य : विक्रमादित्य सिंह



लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि 19 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से पेयजल योजना बन कर तैयार हुई है। इस योजना में बाग, धरोगड़ा, ओगली, हिमरी, करयाली, डोमैहर, भराड़ा और चेबड़ी शामिल है। इस योजना से 14 हजार 658 लोगों को पेयजल आपूर्ति होगी। इसमें प्रति दिन प्रति व्यक्ति 70 लीटर पानी मुहैया करवाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत दो स्टोरेज टैंक बनाए गए हैं जिनकी क्षमता 131500 और 85000 लीटर है। इसके साथ चार पंप हाउस बनाए गए हैं। उन्होंने कहा की करीब एक दशक पहले 15 उठाऊ पेयजल योजना का शिलान्यास किया गया था।

# याचिका समिति ने याचिकाकर्ताओं को दिलाया न्याय

**अध्यक्षता**

» कुलदीप पठानियां ने की याचिका समिति की बैठक की अध्यक्षता



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने विधान सभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में आयोजित याचिका समिति की बैठक की अध्यक्षता की जिसमें समिति सदस्य सतपाल सिंह सत्ती, चन्द्र शेखर तथा अनुराधा राणा शामिल थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पठानियां ने कहा कि आज की बैठक से पूर्व समिति के पास विभिन्न विभागों से सम्बन्धित अभी तक 77 याचिकाएँ प्राप्त हुई हैं। जिसमें से समिति ने 21 याचिकाओं का निपटारा करते हुए याचिकाकर्ताओं को न्याय दिलाया है। पठानियां ने कहा कि इस समिति का गठन 28 वर्षों के उपरान्त किया गया है ताकि उन्हें जो न्यायालय का दरवाजा नहीं खटखटा सकते या जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं को त्वरित तथा मुफ्त न्याय मिल सके। पठानियां ने कहा कि विभागों में जिन अभ्यर्थियों की सुनवाई नहीं हो रही है वह सादे कागज पर याचिका समिति के समक्ष अपना अभ्यावेदन दे सकते हैं। पठानियां ने कहा कि आज की बैठक से पूर्व जो 77 याचिकाएँ समिति के समक्ष अभ्यवेदन के रूप में प्राप्त हुई हैं उनमें शिक्षा विभाग से सम्बन्धित 19, राजस्व की 16, महिला एवं बाल विकास की 1, परिवहन की 1, प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड की 3, ग्रामीण बैंक की 5, जल शक्ति विभाग की 2, वन विभाग की 3, लोक निर्माण विभाग की 6 तथा अन्य विभागों से 21 याचिकाएँ प्राप्त हुई हैं जिसमें से 21 याचिकाओं का निपटारा किया जा चुका है जबकि 56 याचिकाएँ विचारधीन है।

पठानियां ने कहा कि आज की बैठक में समिति के समक्ष विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 22 याचिकाएँ प्राप्त हुई हैं। जिसमें से 6 याचिकाओं का निपटारा इस बैठक के दौरान समिति द्वारा किया गया है जबकि शेष 16 याचिकाएँ अभी भी समिति के समक्ष विचाराधीन हैं।

# एम्स बिलासपुर में स्तन कैंसर पर विजय पा चुकी महिलाओं ने सांझा किए अपने अनुभव

**प्रेरणा**

» चिकित्सकीय प्रक्रिया और रोगी के उपचार संबंधी व्यायाख्यान अन्यों के लिए बनेंगे प्रेरणा




**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर के चिकित्सकीय ऑन्कोलॉजी एवं हीमेटोलॉजी विभाग द्वारा कैंसर पर विजय, स्तन कैंसर विजेताओं की गाथा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) दिनेश वर्मा, चिकित्सीय अधीक्षक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में स्तन कैंसर पर विजय प्राप्त करने वाली महिलाएं, उनके परिजन, चिकित्सक व अन्य विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस आयोजन का उद्देश्य स्तन कैंसर पर विजय प्राप्त करने वाली महिलाओं के साहस का सम्मान करना तथा रोगमुक्त जीवन देखभाल के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर सलोचना, बबीता गुप्ता तथा सीमा ने अपने जीवन के अनुभव सांझा किए।

उन्होंने उपचार के दौरान आने वाली भावनात्मक तथा शारीरिक कठिनाइयों का वर्णन किया। डॉ. प्रवेश धीमान चिकित्सकीय ऑन्कोलॉजी विभाग ने कहा कि स्तन कैंसर की जांच केवल निवारक उपाय नहीं, बल्कि समय पर उपचार और बेहतर परिणामों का मार्ग है। विशेषकर ग्रामीण एवं पहाड़ी क्षेत्रों में इसकी जानकारी और जांच की सुविधा सुनिश्चित की जानी चाहिए। डॉ. मुनिन्दर कुमार विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग ने कहा कि कैंसर से उबरने का चरण भी उपचार जितना ही महत्त्वपूर्ण होता है। विकिरण चिकित्सा रोग नियंत्रण में सहायक होती है परंतु दीर्घकालिक देखभाल एवं मानसिक सहयोग भी उतने ही आवश्यक हैं। डॉ. चित्रेश शर्मा, शल्य ऑन्कोलॉजी विभाग ने कहा कि प्रत्येक विजेता की यात्रा एक निर्णय से आरंभ होती है। डॉ. मृदुल खन्ना चिकित्सकीय ऑन्कोलॉजी विभाग ने कहा कि रोगी से विजेता बनने की यात्रा अत्यंत गहन होती है।

## नूरपुर में विद्यार्थियों ने रैली निकालकर दिया नशा मुक्त समाज का संदेश

**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, नूरपुर (छात्र) के विद्यार्थियों ने नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शहर में एक भव्य रैली का आयोजन किया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम अरुण शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए विनाश का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं और यदि वे नशे से दूर रहेंगे तो देश का भविष्य मजबूत और उज्ज्वल बनेगा।

# पति व देवर गन दिखाकर देते हैं जान से मारने की धमकी

» विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाए मारपीट के आरोप

**राजन पुरी**

**ऊना।** लुधियाना निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने, घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले में महिला पुलिस ऊना ने पति, सास व दो देवरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सोनू पुरी निवासी लुधियाणा ने बताया कि उसकी शादी करीब 22 वर्ष पहले शिव दीप के साथ हिंदू रीति-रिवाजों से हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि शादी के बाद से ही उसकी सास नीता पुरी, देवर अंकुश पुरी व रामदीप पुरी, और पति शिव दीप पुरी उसे लगातार तंग व परेशान करते रहे। अक्सर दहेज को लेकर ताने मारते थे। महिला ने आरोप लगाया कि करीब दो सप्ताह पहले ससुराल पक्ष के लोगों ने पुलिस को साथ लेकर उसे घर से निकाल दिया। इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की गई। सोनू पुरी ने बताया कि उसका पति और दोनों देवर गन दिखाकर जान से मारने की धमकी देते थे। आरोप यह भी है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे जहारीला पदार्थ पिलाने की कोशिश की और झूठे आरोप लगाकर उसकी छवि खराब करने की साजिश रची। महिला ने बताया कि वह कुछ समय से अपने मायके पोडियां वाला बाजार, ऊना लौट आई हूं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### सामान्य विकास समिति की बैठक की गई आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा की सामान्य विकास समिति की बैठक सोमवार को समिति के सभापति केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

समिति ने शौंगटांग कड़छम, काशंग-प्प् व प्प्प् एवं चांजू-प्प्प् विद्युत परियोजनाओं के संदर्भ में विभागीय प्रतिनिधियों से विस्तृत जानकारी ली तथा विभागीय अधिकारियों को इन परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री पठानिया ने कहा कि परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में विलंब के कारण प्रदेश को वित्तीय नुकसान सहना पड़ रहा है इसलिए इन्हें समयबद्ध पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

समिति ने इन तीनों परियोजनाओं का निरीक्षण करने का भी निर्णय लिया।

समिति द्वारा विद्युत विकास विभाग की वित्तीय वर्ष 2023-24 की अनुदान मांगों की समीक्षा भी की गई।

इस बैठक में समिति के सदस्य विधायक राकेश कालिया, विनोद कुमार, रणधीर शर्मा, जीत राम कटवाल, दलीप ठाकुर, सुदर्शन सिंह बबलु और हरदीप सिंह बाबा, सचिव विद्युत राकेश कंवर, निदेशक सिविल सुरेंद्र कुमार, निदेशक (वित्त) नरेश ठाकुर, निदेशक (विद्युत) मनीष महाजन उपस्थित रहे।

### क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में बताया आयोडीन का महत्व

**राजन पुरी**

**ऊना।** क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के सभागार में जिला स्तरीय विश्व आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी गोपाल कृष्ण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गोपाल कृष्ण ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भोजन में आयोडीन का समुचित उपयोग तथा आयोडीन की कमी से होने वाली बिमारियों के बारे में जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि आयोडीन हमारी सेहत के लिए बेहद जरूरी पोषक तत्व है। इसकी जरूरत शरीर में थाओराइड फंक्शन को नार्मल तरीके से चलाने, शारीरिक और मानसिक विकास के लिए होती है। उन्होंने कहा कि आयोडीन का प्रयोग स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इसकी कमी से गिग्ड रोग, मानसिक विकार, स्नायु विकार, जन्मजात दोष, अपंगता हो जाती है।

## मुख्यमंत्री ने सोलन विधानसभा क्षेत्र में 27.43 करोड़ रुपये के किए लोकार्पण एवं शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोलन।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन विधानसभा क्षेत्र के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान 27.43 करोड़ रुपये की लागत की 5 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। उन्होंने 8.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सायरी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन, 59 लाख रुपये की लागत से निर्मित वन विश्राम गृह, सेरीघाट का उद्घाटन किया। उन्होंने ममलीग ग्राम पंचायत के बशील में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री ने ममलीग ग्राम पंचायत के कायसू में 2 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले सौर ऊर्जा संयंत्र और ममलीग में 16.34 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे-बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला भी रखी।

# रामपुर जलविद्युत स्टेशन में फिट इंडिया रन 6.0 का हुआ आयोजन

**रवानगी**

» परियोजना प्रमुख विकास मारवाह ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**लिहान्टू**

**रामपुर बुशहर।** विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार, रामपुर जलविद्युत स्टेशन में आज फिट इंडिया रन 6.0 का आयोजन किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ निष्ठा, सत्यनिष्ठा एवं सतर्कता के मूल्यों को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर रामपुर जलविद्युत स्टेशन के परियोजना प्रमुख विकास मारवाह द्वारा इस दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन एवं हिम्पेस्को और सीआईएसएफ के जवान उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर फिटनेस, अनुशासन एवं सामूहिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया।

इस अवसर पर विकास मारवाह ने कहा कि शारीरिक फिटनेस और मानसिक सजगता एक-दूसरे के पूरक हैं और जीवन के हर क्षेत्र में सतर्कता को आचरण का हिस्सा बनाना चाहिए। इस आयोजन




ने फिट इंडिया मूवमेंट की भावना को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्देश्य से जोड़ते हुए सभी प्रतिभागियों को शारीरिक रूप से सक्रिय एवं नैतिक रूप से सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

## स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम के तहत देहरा में विकास कार्यों की समीक्षा

**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** स्वच्छ शहरङ्कसमृद्ध शहर कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद देहरा में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, ठोस कचरा प्रबंधन तथा शहरी विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से आज नगर परिषद सभागार में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधायक देहरा कमलेश ठाकुर ने की।

बैठक में शहर की विभिन्न विकास योजनाओं, सीवरेज व्यवस्था, जल निकासी प्रणाली एवं शहरी सौंदर्यीकरण कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि देहरा शहर को स्वच्छ, सुसज्जित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए।

## अवैध खनन को लेकर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 16 वाहन पकड़े



**राजन पुरी**

**ऊना।** जिला ऊना में पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक ताबड़तोड़ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने खनन कार्य में लिप्त कुल 16 वाहनों को कब्जे में लिया, जिनमें टिप्पर, ट्रैक्टर और दो पोकलेन मशीनें शामिल हैं। यह अभियान जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ चलाया गया, जिससे अवैध खनन माफिया में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले को लेकर कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सोम-मंगल की मध्यरात्रि में जिला ऊना के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान थाना हरोली क्षेत्र से छह टिप्पर और दो पोकलेन मशीनें पकड़ी गईं। थाना गगरेट व सदर ऊना से एक-एक टिप्पर, थाना टाहलीवाल से एक टिप्पर और एक ट्रैक्टर, पुलिस चौकी शहर ऊना से एक ट्रैक्टर, पुलिस चौकी पंडोगा से एक टिप्पर और पुलिस चौकी संतोषगढ़ से दो ट्रैक्टर पकड़े गए। कुल मिलाकर 16 वाहनों के चालान किए गए हैं जिन्हें आगामी कार्रवाई हेतु अदालत भेजा जा रहा है। एएसपी ऊना संजीव कुमार भाटिया ने कहा कि जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए पुलिस पूरी गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि खनन माफिया पर नकेल कसने के लिए रात के समय भी विशेष गश्त व निगरानी की जा रही है।

## लंज खास और लपियाणा के लोग आपदा न्यूनीकरण पर हुए जागरूक

**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथ संबद्ध राजोल कला मंच के कलाकारों ने ग्राम पंचायत लंज खास और लपियाणा में नुक्कड़ नाटक एवं गीत-संगीत प्रस्तुत कर लोगों को आपदा न्यूनीकरण के प्रति जागरूक किया।कलाकारों ने नाटकों के माध्यम से संदेश दिया कि भवन निर्माण हो या कोई भी निर्माण कार्य सभी कार्य आपदा सुरक्षा को ध्यान में रखकर किए जाने चाहिए ताकि भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं से जान-माल की हानि से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कलाकारों ने यह भी बताया कि ऐसे भवनों का निर्माण किया जाना चाहिए जो आपदा के समय सुरक्षित रहें और संभावित नुकसान को न्यून करने में सक्षम हों।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल,हरदासपुरा में मनाया गया नेशनल साइबर सिक्योरिटी जागरूकता माह

**साइबर**

» कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गतिविधि साइबर सिक्योरिटी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रही




**हामिद खान**

**चंबा।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल हरदासपुरा में नेशनल साइबर सिक्योरिटी जागरूकता माह बड़े उत्साह एवं जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गतिविधि साइबर सिक्योरिटी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रही, जिसमें विद्यार्थियों से इंटरनेट सुरक्षा, डिजिटल व्यवहार एवं साइबर अपराध से बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी में कक्षा 10वीं (डी) के भौमिक शर्मा, मन्नत, शाश्वत शर्मा एवं यज्ञ जोशी की टीम विजेता रही, जबकि कक्षा 10वीं (ए) की आर्या महाजन, संचिता ठाकुर, मेधांश शर्मा एवं रिद्धम की टीम उपविजेता रही।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इंटरनेट आज के युग की आवश्यकता है, परंतु इसके प्रयोग में सावधानी और संयम अनिवार्य है। विद्यार्थियों को इसका सदुपयोग करते हुए स्वयं को साइबर खतरों से सुरक्षित रखना चाहिए। इस अवसर पर कंप्यूटर शिक्षिकाओं शैलेंद्र, नेहा पठानिया तथा अंजलि भारद्वाज ने विद्यार्थियों को साइबर सेफ्टी के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

# सात माह से राजली बन्याला में जल संकट, ग्रामीण परेशान

**राजन पुरी**

**ऊना।** उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत तनोह लाठियाणी के अंतर्गत आने वाले राजली बन्याला गांव में बीते सात महीनों से गंभीर पेयजल संकट जारी है। ग्रामीणों को पीने के पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है, लेकिन जलशक्ति विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

गांव के बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य ने विभाग पर लापरवाही और उदासीनता के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग को कई बार समस्या से अवगत करवाया गया। लिखित व मौखिक रूप के अलावा ऑनलाइन पोर्टल पर भी शिकायतें दर्ज करवाई गईं, मगर नतीजा शून्य रहा। आर्य ने बताया कि पहले इस क्षेत्र में हैप्पी नामक व्यक्ति पानी की आपूर्ति देखता था, लेकिन अब नेरी से पवन को यह जिम्मेदारी दी गई है। इसके बावजूद गांव के कई घरों में पिछले सात महीनों से नल सूखे पड़े हैं, जबकि उसी पाइप लाइन से घर से पहले के कनेक्शनों तक पानी नियमित रूप से पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि जब ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी उपलब्ध नहीं हैं, तो यह सीधे तौर पर शासन और प्रशासन की विफलता दर्शाता है। ग्रामीणों में सतीश कुमार, गोविंद लाल, रीना देवी और कुसुम देवी ने भी कहा कि पानी की किगत से रोजमर्रा के कार्य बाधित हो रहे हैं और कई बार उन्हें पड़ोसी गांवों से पानी लाना पड़ता है। आर्य ने चेतावनी दी कि अगर विभाग ने शीघ्र समाधान नहीं किया, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

उधर, जलशक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता विनय कुमार ने बताया कि विभाग स्थिति पर निगरानी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि भूमिगत पाइपलाइन में कहीं ब्लॉकेज है।